दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 11 दिसंबर 2020, कृष्ण पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-277 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

फिल्मकार चाहे ये करे चाहे वो करें उनकी मरजी...। यह अब नहीं चलना चाहिए। अनिल कपूर ने एक वेब सीरीज में वायु सेना की वर्दी पहन कर जो आपत्तिजनक दृश्य दिया है उसका वायु सेना ने विरोध किया है और उस दृश्य को फिल्म से हटाने को कहा है। समझ में नहीं आता कि बॉलीवुड के इन भांडों को ऐसा भौंडापन करने की जुर्रत कैसे होती है? फिल्मकार अपनी सीमाएं लांघने लगे है। इनकी नाक में नकेल कांसना निहायत जरूरी है। सरकार को चाहिए कि वह फिल्म सेंसर बोर्ड की कैंची की धार को तेज करने जल्द से जल्द कारगर कदम उठाएं।

खास- खबर

पुलिस विभाग में अधिकारियों के बड़ी संख्या में हुए तबादले

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा पुलिस मुख्यालय से पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिस अधिकारियों में उपनिरीक्षक निरीक्षक के तबादले बड़े पैमाने पर किये गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रभावित सूची में निम्नलिखित निरीक्षकों एवं उपनिरीक्षकों के तबादले यथानुसार हैं। 92 आरक्षक, 35 प्रधान आरक्षक, 22 सहायक उपनिरीक्षक, तीन रक्षित निरीक्षक, 27 उप निरीक्षक और 19 निरीक्षकों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। प्रभावित सूची में नामोंउल्लेखित व्यक्तियों को तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना में पदभार एवं कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश भी डीजीपी ने दिया है।

शिरडी जाते समय हिरासत में ली गई तृप्ति देसाई

शिर्डी/ए.। महाराष्ट्र के अहमदनगर में पुलिस ने सामाजिक कार्यकर्ता तृप्ति देसाई और उनके संगठन के अन्य सदस्यों को शिरडी जाते समय रास्ते में हिरासत में ले लिया। वे लोग साईबाबा मंदिर के बाहर लगे बोर्ड को हटाने के लिए शिरडी जा रहे थे जिस पर लिखा है कि श्रद्धालु सभ्य तरीके के कपड़ा पहनें। देसाई ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर विवादास्पद संदेश वाले बोर्ड को नहीं हटाया जाता है तो वह और अन्य कार्यकर्ता दस दिसंबर को शिरडी जाएंगे और खुद ही बोर्ड हटा देंगे। सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (शिरडी क्षेत्र) गोविंद शिंदे ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए देसाई को नोटिस जारी किया था और उनसे कहा था कि अहमदनगर के शिरडी में आठ दिसंबर की मध्य रात्रि से 11 दिसंबर की मध्य रात्रि तक प्रवेश नहीं करें।

निगम-मंडल नियुक्ति । दूसरी सूची के लिए 150 से ज्यादा नाम तय

जिन्होंने दिया पक्का साथ उनका एडजस्टमेंट फाइनल

- 17 दिसंबर से पहले सूची आने के आसार
- कुछ निगम मंडलों में बढ़ाए गए उपाध्यक्ष पद
- प्रशासनिक की जगह राजनीतिक नियुक्तियां भी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के निगम मंडलों के शेष पदों की नियुक्ति के लिए नाम लगभग तय कर लिए गए हैं। और माना जा रहा है कि इनकी नियुक्ति की सूची यानी निगम मंडलों में नियुक्ति की दूसरी सूची 17 दिसंबर तक जारी हो जाएगी। बता दें कि 17 दिसंबर को प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने जा रहे हैं। ये सूची इस बार खास होगी क्योंकि इसमें उपाध्यक्ष के बढ़े हुए पद नजर आने की भी खबर है। बुधवार को सीएम आवास पर हुई अहम बैठक को लेकर सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में 36 निगम मंडलों के लिए 150 से ज्यादा नाम तय कर दिए गए हैं। पार्टी नेताओं को एडजस्ट करने के लिए कुछ निगम मंडलों में उपाध्यक्ष के पद बढ़ाए गए हैं। तो वहीं कुछ बोर्ड में अब प्रशासनिक की जगह राजनीतिक नियुक्तियां भी तय मानी जा रही है। कोशिश ये है कि अधिक से अधिक लोगों को एडजस्ट किया जाए, ताकि प्रदेश कांग्रेस में समन्वय को सुचारू रखा जा सके। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1000 से ज्यादा दावेदार

उल्लेखनीय है कि निगम मंडलों की नियुक्ति के लिए 1000 से अधिक दावेदार मैदान में थे। लेकिन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया ने साफ कर दिया था कि उन नेताओं को मौका दिया जाएगा जिन्होंने 15 साल तक कांग्रेस के लिए संघर्ष किया।

6-8 स्तर की बैठकें

सूत्रों की मानें तो 6-8 स्तर की बैठकों के बाद ये 150 से ज्यादा नाम तय किए गए हैं। बताया जा रहा है कि निगम मंडल में नियुक्ति के लिए पहले जिला स्तरीय संगठन, विधायक, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया की ओर से भी नाम दिए गए थे, ताकि कांग्रेस के लिए संघर्षरत व सक्रिय नेताओं को हर हाल में एडजस्ट किया जाए और निगम मंडलों में अच्छे से अच्छे नेता आ जाएं।

सीएम बोले-....अन्यथा यह मुयमंत्री का विशेषाधिकार

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निगम मंडल में नियुक्तियों को लेकर कहा कि सामूहिक नेतृत्व का यह अर्थ है कि सबसे रायशुमारी कर निर्णय लिया जाए। अन्यथा निगम मंडलों में नियुक्ति मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। वो जिसे चाहे नियुक्त कर सकता है। वहीं कृषिमंत्री चौबे ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का क्षेत्राधिकार है लेकिन मंत्रिमंडल के सभी साथियों से चर्चा की गई है। नाम तय कर लिए गए है।

शिलान्यास

अब आकार लेगा नया संसद भवन

■ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का साक्षी बनेगा भवन : मोदी

नई दिल्ली/ (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नये संसद भवन की आधारशिला रखी। मोदी ने इस ऐतिहासिक मौके पर आयोजित एक समारोह में भूमि पूजन के बाद अपराह्न एक बजकर 11 मिनट पर नये संसद भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का साक्षी बनेगा और स्वतंत्र भारत में बने इस नये संसद भवन को देखकर आने वाली पीढ़ियाँ गर्व करेंगी। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई वरिष्ठ सदस्य तथा बड़ी संख्या में सांसद मौजूद थे। त्रिभुजाकार नये संसद भवन का निर्माण 2022 तक पूरा होना है। देश की आजादी के 75वें वर्ष में नये भवन में बैठक शुरू होगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सर्वधर्म पूजा भी हुई संपन्न

मोदी के पहुंचने पर दक्षिण भारतीय पुरोहितों ने भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। नवग्रहों, क्षेत्रपाल, गणपति, अनंतशेष, भूदेवी, कूर्म एवं वराह रूपी विष्णु का पूजन किया गया। तदुपरांत वहां उपस्थित जैन, ईसाई, पारसी, बौद्ध, इस्लामिक आदि विविध पंथों के धर्माचार्यों ने प्रार्थनाएं कीं।

शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों को अब प्रतिमाह 10 हजार रुपए की पेंशन

■ शहादत सीएम दिवस पर सीएम ने किया ऐलान

सोनाखान/नवप्रदेश। अब शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों को हर महीने 10 हजार रुपए पेंशन मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर बलौदाबाजार जिले के सोनाखान पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित क बघेल ने वीरभूमि सोनाखान में निर्मित विशाल शहीद स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों से उनके निवास में जाकर सौजन्य मुलाकात की, उनका हाल-चाल जाना और उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान योजना के तहत दी जा रही एक हजार रूपए की पेंशन राशि को बढ़ाकर 10 हजार रूपये प्रति माह देने की घोषणा की।

■ पेज 8 भी पढ़े

कलेक्टर के पीए के पास मिले सात भूखंड, मकान, आठ बैंक खाते

बारां/ए.। कलेक्टर के पीए के पास से सात भूखंड, मकान व आठ बैंक खाते मिले हैं। राजस्थान में बारां के जिला कलेक्टर इंद्र सिंह राव के निजी सहायक महावीर नागर की रिश्वत के मामले में गिरफ्तारी के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उसके घर में सर्च अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार महावीर नागर की जितनी प्रापर्टी का खुलासा हुआ है वह देखकर एसीबी के अफसर चौंक गए। 50-60 हजार रुपए महीने की सैलरी वाले पीए ने रिश्वत की बदौलत काफी संपत्ति इकट्ठा कर ली थी। गौरतलब है कि नागर को बुधवार देर शाम को एक लाख 40 हजार की रिश्वत लेते हुए एसीबी कोटा टीम ने गिरफ्तार किया था। एसीबी बारां के सीआई ज्ञानचंद ने बताया कि बारां में पीए नागर के घर पर की गई जांच में सात भूखंड एवं मकान के कागज मिले हैं। इनकी कीमत करोडों में है। इसके अलावा आठ बैंक खाते और उनके लाकर भी मिले हैं।

बंगाल में नड्डा के काफिले पर हमला

■ बोले-मैं इसलिए सुरक्षित क्योंकि मेरे पास थी बुलेट प्रूफ गाड़ी

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज मैं यहां आया हूं,रास्ते में मुझे जो दृश्य देखने को मिला, वो इस बात को बताता है कि ममता जी के राज में बंगाल अराजकता और असहिष्णुता का पर्यायवाची बन चुका है आज मैं यहां पहुंचा हूं तो मां दुर्गा के आशीर्वाद से पहुंचा हूं। आपको बता दें कि नड्डा के काफिले पर प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। दक्षिण 24 परगना में एक सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि मैं इसलिए सुरक्षित हूं क्योंकि मेरे पास बुलेट प्रूफगाड़ी थी। वरना आज कोई ऐसी गाड़ी नहीं थी जिस पर हमला न हुआ हो। इस गुंडाराज को खत्म करके प्रजातंत्र को यहां आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के कार्यकर्ताओं और उनके गुंडों ने प्रजातंत्र का गला घोंटने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। ये अराजकता ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है, ममता जी की सरकार यहां से जाने वाली है, और बंगाल में कमल खिलने वाला है।

छोटे उद्योगों को 21 हजार करोड़ रुपये का भुगतान

नयी दिल्ली/ (वार्ता)। पिछले सात माह में केंद्र सरकार के विभागों और केंद्रीय उपक्रमों ने छोटे उद्योगों और कारोबारियों को 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यहां सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भुगतान की स्थिति की समीक्षा की और इसके कामकाज पर संतोष जाहिर किया। मई 2020 में वित्त मंत्री ने छोटे उद्योगों को उनका भुगतान 45 दिन के भीतर निपटाने के निर्देश दिये हैं। तब से लगातार प्रयासों और निगरानी के कारण छोटे उद्योगों को अभी तक 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

आंदोलन का 15वां दिन | प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों पक्षों ने रखी अपनी-अपनी बात, पर खत्म नहीं हुआ टकराव

किसानों की मांग और केंद्र का रुख जस का तस

नई दिल्ली/ए.। किसान नेताओं के सरकार का प्रस्ताव ठुकराने के बाद एक बार फिर उन्हें मनाने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। आंदोलन के 15वें दिन यानी गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक बार फिर कहा कि किसानों के साथ बातचीत के लिए सरकार हर समय तैयार है। इसे प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद किसान नेताओं ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हमारी मांग है कि संशोधन नहीं, तीनों कानून वापस लें, तभी आंदोलन खत्म होगा। सरकार के प्रस्तावों को ठुकराकर किसानों ने आने वाले दिनों में दिल्ली से सटी अन्य सीमाओं को भी सील करने की धमकी दी है। इससे पहले तोमर ने कहा कि हम किसानों की चिंताओं को दूर करने के लिये उनके सुझावों की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन वे कानूनों को वापस लेने पर अड़े हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने विस्तार से पिछले कुछ दिनों में किसान नेताओं के साथ हुई वार्ता के बारे में जानकारी दी। तोमर ने कहा कि किसानों के जो भी मुद्दे हैं उनके बारे में कोई भी प्रावधान करने पर खुले मन से विचार करने के लिये तैयार हैं, ताकि किसानों की शंका को दूर किया जा सके।

किसानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस की मुय बातें

- 14 तारीख को जितने भी पंजाब के सभी डीसी ऑफिस पर धरना।
- 10 तारीख तक का अल्टीमेटम दिया हुआ था।
- जैसा कि हमने बोला था-रेलवे ट्रैक पर धरना देंगे
- अब फैसला लिया है कि रेलवे ट्रैक पर जाएंगे। मीटिंग में फैसला हुआ है।
- पूरे भारत में धरना होगा।

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षा निधि प्राधिकरण
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

IEPF

सार्वजनिक घोषणा

निवेशक / जमाकर्ताओं जिनके शेयर, अप्रदत्त लाभांश, परिपक्व जमा राशियाँ या डिबेंचर्स आदि, कंपनी अधिनियम, 1956/2013 के तहत विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किये जा चुके हैं, अब, वे धनवापसी के लिए ऑनलाइन दावा फाईल कर सकते हैं।

निवेशकों के लिए: दावा कैसे फाईल करें ?

- स्वयं को आईईपीएफ वेबसाइट: www.iepf.gov.in पर रजिस्टर करें
- नए वेब प्ररूप आईईपीएफ-5 को ऑनलाइन भरें
- प्ररूप के साथ अपेक्षित दस्तावेजों की स्कैन प्रति संलग्न करें
- स्व: सृजित अग्रिम प्राप्ति और क्षतिपूर्ति बॉन्ड का प्रिंट लें (आईईपीएफ वेबसाइट - प्ररूप > वेब प्ररूप आईईपीएफ-5 > एमसीए सेवाएँ)
- सभी दस्तावेजों को कंपनी को भेजें
- कंपनी 30 दिनों के भीतर दावे ई-सत्यापित करे
- सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर आईईपीएफ प्राधिकरण द्वारा शेयरों और धनराशि की वापसी।

टिप्पण: दावेदारों को केवल उसी समय ई-प्ररूप फॉर्म आईईपीएफ-5 फाईल करने की सलाह दी जाती है जब उनके पास सभी दस्तावेज उपलब्ध हों।

कंपनियों के लिए: प्रक्रिया कैसे शुरू करें?

- नए ई-प्ररूप आईईपीएफ-2 (वेब प्ररूप फाइलिंग के लिए रजिस्ट्रीकृत आईईपीएफ वेबसाइट प्ररूप) में नोडल अधिकारी का ब्यौरा देना।
- प्ररूप आईईपीएफ-5 फाईल करने के 30 दिनों के भीतर ई-सत्यापन करना।
- सभी मूल दस्तावेजों को कंपनी द्वारा रखा जाना।

किसी जानकारी के लिए दावेदार टोल फ्री नं. 1800-114-667 पर कॉल कर सकते हैं अथवा www.iepf.gov.in पर लॉग-ऑन करें अथवा iepf@mca.gov.in पर ई-मेल करें।

टिप्पण: दावेदारों से दावों के निपटान के संबंध में किसी मध्यस्त अथवा ब्रोकर से सावधान रहने का अनुरोध किया जाता है। आईईपीएफ प्राधिकरण के समक्ष दावा फाइलिंग की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी है। अपेक्षित दस्तावेजों की सूची अनुदेशिका किट अथवा आईईपीएफए की आधिकारिक वेबसाइट www.iepf.gov.in के अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न अनुभाग में दी गई है।

व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डुइंग बिजनेस) (ईओडीबी) पहल : कंपनी का गठन तीव्रतर और आसान हो गया है, SPICe+ और AGILE-PRO, 10 सेवाओं को एकीकृत करता है। SPICe+ किसी व्यापार को प्रारंभ करने में लगने वाले समय और लागत को कम करता है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षा निधि प्राधिकरण (आई.ई.पी.एफ.ए)
भारत सरकार का, विनिधानकर्ता शिक्षा, जागरूकता और संरक्षण के संबंध में पहल
"सशक्त निवेशक, शिक्षित निवेशक, जागरूक निवेशक"

हमें निम्न पर फॉलो करें:
/IEPFAuthority @iepfa @authorityiepf iepfauthority

DAVP 07110/11/0009/2021

अवैध प्लाटिंग व कालोनाइजर पर होगी कार्रवाई

राजस्व एवं पुलिस विभाग ने बनाई रणनीति

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अवैध प्लाटिंग और अवैध कालोनाइजर पर शिकंजा कसने के लिए राजस्व एवं पुलिस महकमा बेहतर समन्वय से सख्त कार्रवाई करेगा। यह कार्रवाई अलर्ट मिलते ही की जाएगी ताकि अविलंब ऐसी सूचना मिलने पर कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं एसपी प्रशांत ठाकुर ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने कहा कि अवैध प्लाटिंग की जानकारी होते ही जरूरत के हिसाब से पुलिस बल प्रशासन को उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसमें न्यूनतम समय लगे यह राजस्व एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। अधिकारी द्वय ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा।

बैठक में नगर निगम भिलाई कमिश्नर ऋतुराज रघुवंशी, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, बीबी पंचभाई, एडीशनल एसपी, रोहित झा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं उनकी परेशानियां दूर करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसान अपनी परेशानी हेल्पलाइन नंबर में भी रख सकते हैं इसलिए शासन ने 112 की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसमें आने वाली शिकायतों की मानिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। इसमें आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान करना है। आने वाली समस्या के प्रभावी निराकरण की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

ठगड़ाबांध से 70 का व्यवस्थापन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम क्षेत्र अंतर्गत ठगड़ाबांध मेंआज सुबह से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई है इस संबंध में आयुक्त के निर्देश पर ठगड़ा बांध निवासियों को लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना दी गई थी कि छठ पर्व के बाद ठगड़ाबांध खाली करने की बात हुई थी। अतः10 दिसंबर तक आवंटित प्रधानमंत्री आवास बोरसी में विस्थापित हो जावे अन्यथा निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई 10 तारीख से प्रारंभ की जाएगी। आज सुबह 10.30 बजे से निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन, एसडीएम खेमलाल सिन्हा, तहसीलदार पार्वती पटेल, पुलिस सीएसपी विवेक शुक्ला सहित आला अधिकारी ठगड़ाबांध में सुबह से ही डटे रहे। इस दौरान अधिकारियों ने अतिक्रमण स्थल में ही कार्यवाही के दौरान लंच लिया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में ठगड़ाबांध के निवासियों को विस्थापित करने उनके सामानों को शिफ्ट करने 100 कर्मचारियों को अलग से लगाया गया था। इसके तहत आज लगभग 70 निवासियों को उनके सामान के साथ बोरसी गैलेक्सी और सुयश में आवंटित आवासों में शिफ्ट कराया गया। इस कार्य में आज ठगड़ाबांध में कार्रवाही कर लगभग 50 अवैध मकान तोड़े गए है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। यहां टोटल मकान 350 होने की जानकारी दी गई है। जिसमे झोपड़ी 232 साथ ही 50 घरों से मीटर निकला गया। निगम द्वारा 5 जेसीबी 4 डम्बर, निगम द्वारा सामान छोड़ने की व्यवस्था की गई थी। आयुक्त, एडीएम के अलावा सीएसपी सुबह से ही कार्रवाही में स्वंय खड़े होकर खाली करवाये गए।

न्यूज गैलरी

वर्चुअल मैराथन

दुर्ग। छत्तीसगढ़ युवा एवं खेल कल्याण विभाग तथा जनसम्पर्क विभाग द्वारा 13 दिसम्बर 2020 को सुबह 6 से 11 बजे तक वर्चुअल मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक प्रतिभागी को जनसपर्क विभाग की वेबसाइट या खेल एवं युवा कल्याण विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना फार्म भरना होगा। हर जिले में सबसे पहले पंजीयन करने वाले 500 प्रतिभागियों को मिलेंगी टी शर्ट। बाद में रजिस्ट्रेशन कराने वाले प्रतिभागी अपनी किसी सफेद टीशर्ट पर छत्तीसगढ़ शासन का अधिकृत लोगो एवं स्लोगन प्रिंट करवा सकते हैं।

नारायण का स्मरण

कुम्हारी। पहंदा अ छत्तीसगढ़ के वीर योद्धा जिन्होंने 1857 की क्रांति में अपनी वीरता से अपनी पराक्रम से अंग्रेजी हुकूमत को लोहा मनवाने वाले शहिद वीर नारायण सिंह को उनके सहादत दिवस पर ग्रामीणों ने याद कर उनकी वीरता और पराक्रम की यादों को याद किया। सरपंच मोहन साहू, उपसरपंच सुरेंद्र साहू, पंच पवन यदु, जगन्नाथ साहू, मनीष पांडेय, प्रकाश यदु, सुरेश साहू, तोरण व अन्य ग्रामीण उपस्तिथ रहे।

आर्थिक सहायता

दुर्ग। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु हो जाने पर मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें आग लगने से स्व. नारायण गायकवाड़ को 4 लाख और स्व. खिलेश्वरी यादव की मृत्यु होने पर 1.50 लाख उनके परिजनों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

एड्स पर निगम का जागरूकता अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा 1 से लेकर 15 दिसंबर तक जागरूकता अभियान के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में भी लोगों को एचआईवी जांच एवं रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। निगम क्षेत्र में मितानीनें और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने.अपने क्षेत्र में पाम्प्लेट वितरण कर लोगों को रक्तदान का महत्व बताते हुए आवश्यता पड़ने पर किसी जरूरतमंद को रक्तदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विश्व एड्स दिवस जागरूकता पखवाड़ा के अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने अभियान चलाया जा रहा है। प्रचार के माध्यम से रक्तदान करने प्रक्रिया और शरीर में रक्त की मात्रा बढ़ाने तथा यौन रोग से बचाव एवं उनसे संबंधित जानकारियां प्रदान की जा रही है। रक्तदान करने एवं रक्तदान करने की प्रकिया को बताते हुए प्रेरित करने भिलाई निगम क्षेत्र की मितानीनें एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पाम्प्लेट वितरण कर लोगों को जागरूक कर रही हैं। एक सामान्य व्यक्ति तीन महीने में एक बार तथा सालभर में 4 बार रक्तदान कर सकता है।

किसान मोर्चा ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किसानों के हित में लागू किए जनहितकारी कृषि बिल के खिलाफ लगातार देश की समूची विपक्षी पार्टिया एकजुट होकर भ्रामक दुष्प्रचार किसानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है ताकि देश के अन्नदाता किसान भाई के बीच में मोदी सरकार खिलाफ एक नकारात्मक माहौल खड़ा किया जा सके और इस मुद्दे पर अब भाजपा ने भी काउंटर अटैक प्रारम्भ कर दिया है और इसी कड़ी मे आज राज्यसभा सांसद डॉ सुश्री सरोज पाण्डेय की उपस्थिति में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा कलेक्ट्रेट मार्च कर महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधीश सर्वेश्वर भूरे को ज्ञापन सौंपकर किसानों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रत्नेश चंद्राकर, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, शिव चंद्राकर, कांतिलाल बोथरा, अहिवरा नपा अध्यक्ष नटवार ताम्रकार उपस्थित थे। ज्ञापन सौंपने के दौरान राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में लगातार अन्नदाता किसान भाई अपनी धान की उचित कीमत ना पाकर व्यथीत है और उनके द्वारा लगातार आत्महत्या की जा रही हैं और हमारी प्रदेश सरकार दूसरे प्रदेशों में अपनी शेखी बघार रही है यहां के किसान परेशान है उन्हे उनके उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा है किंतु केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पारित कृषि कानून में जब अन्नदाताओ के दिन फिरने वाले है तो कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टिया बेचैन हो गई है और कहीं उनके हाथों वोट बैंक खिसक जाए इसके लिए वे लोग लगातार किसानों के बीच भ्रम फैला रहे है किंतु उनके भ्रामक दुष्प्रचार का भाजपा भी मुंहतोड़ जवाब देगी।

निर्माण कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र के वार्ड 20 में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद एवं एमआईसी मेंबर जी राजू एवं क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। प्रगतिनगर में 5 अलग अलग स्थानों पर सीमेंटीकरण कार्य किए जाएंगे। वृहद स्तर पर विकास कार्यों की सौगात मिलने से वार्ड के नागरिकों ने महापौर यादव का भव्य स्वागत किया और आवागमन के सहुलियत के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए आभार व्यक्त किए। निगम क्षेत्र के जोन 03 अंतर्गत वार्ड 20 प्रगति नगर में 75 लाख की लागत से विकास कार्यों की शुरूआत करने महापौर ने भूमिपूजन किया और निगम प्रशासन एवं शासन द्वारा जनहित के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दिए। महापौर ने उपस्थित जनों को बताया कि निगम क्षेत्रांतर्गत बैकुंठधाम के पास भव्य सर्वमांगलिक भवन और पॉवरहाउस में मदर्स मार्केट का निर्माण किया जा रहा है जिसका कार्य अंतिम चरणों में है जल्द ही इसका शुभारंभ होने से जनता को इसका लाभ मिलेगा। महापौर की उपस्थिति में हुए भूमिपूजन के तहत वार्ड के विभिन्न सड़कों पर सीमेंटीमकरण किया जाएगा इससे लोगों को आवागमन की सहुलियत होने के साथ ही सड़को पर गड्ढो से राहत तथा बारिश के सीजन में कीचड़ से होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी। प्रगति नगर वार्ड 20 में वृहद स्तर पर सड़कों का सीमेंटीकरण होने से वार्ड की सुंदरता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में वार्ड 5 महिला समूहों को भजन संगीत के लिए तबला, मंजीरा व ढफ्ली सहित वाद्ययंत्रों का सेट प्रदान किया गया। केम्प 01 बसंत टॉकीज के पीछे अमन पब्लिक स्कूल के पास आयोजित भूमिपूजन के तहत होने वाले कार्यों में प्रगति नगर वार्ड के बसंतनगर में शीतला मंदिर तक एवं राजेश वस्त्र तक 10 लाख से सीमेंटीकरण कार्य किये जाएंगे।

नीम के पत्तों से साबुन बनाने वाली सत्या से मिले सीएम पुत्र चैतन्य

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रं. 17 में कुम्हारी की बिटिया सत्या यादव द्वारा प्राकृतिक तत्वों का मिश्रण करके साबुन निर्माण किया जा रहा है। इस होनहार बिटिया की काबिलियत और इस उपलब्धि को देखते हुये मुख्यमंत्री बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल ने सत्या से मुलाकात की और उसे प्रोत्साहित किया।

इस दौरान ओएसडी मनीष बंछोर, पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि राव, प्रभारी मनहरण यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पार्षद थनेश पटेल, ओमनारायण वर्मा, प्रमोद चंद्राकर, पार्षद नीतू रावते, जल प्रभारी जानकी ध्रुव, पार्षद ललिता किशोर सोनकर, शांति टंडन, सती यादव, रीना साहू, कुमारी निषाद, ओम प्रकाश यादव, एनामदस कुर्रे, तामेश्वर सोनकर, एल्डरमेन अशोक साहू, ललित राजपूत एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश्वर प्रसाद देशमुख पिता अघनू राम देशमुख निवासी ग्राम तिरगा तहसील दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 713/1 रकबा 0.0060 हें. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अनुसुईया देशमुख पिता अघनू राम देशमुख की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गायत्री राजपूत पिता स्व. गजानंद सिंह निवासी ग्राम रसमड़ा तहसील दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1101/72 रकबा 0.0040 हें. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अजय सिंह आ गजानंद सिंह की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. अ-6 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्षवर्धन आ / पति श्री गंगाराम धृतलहरे साकिन कसारीडीह के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 527/1 रकबा 2305 वर्गफुट हे भूमि विक्रेता विशी गुप्ता स्व दिलीप गुप्ता व अन्य सा साई मंदिर के पास दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28-10-2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रामाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
// उद्घोषणा //

पंजी. नंबर 202012100400072

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीना मिश्रा/ विजय मिश्रा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उपरपोटी प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 463/29 रकबा 0.015 हें 1625 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू-रा.संहिता 1959 की धारा 59 (2)के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसके संबध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा 07 दिवस तक स्वयं अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/12/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
// उद्घोषणा //

पंजी. नंबर 202012100400027

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंद कुमार ठाकुर आ भगोली राम ठाकुर निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 205/17 रकबा 0.023 हें अर्थात 2352 वर्गफुट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू-रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसके संबध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा 07 दिवस तक स्वयं अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/12/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
// उद्घोषणा //

पंजी. नंबर 202012100400783

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती विद्या साहू पति राम कृपाल साहू अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 933/33 रकबा 0.021 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू-रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसके संबध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा 07 दिवस तक स्वयं अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
// उद्घोषणा //

पंजी. नंबर 20201210040006

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मोहन लाल साहू आ स्व दशऊ साहू निवासी म.नंबर 274 हनोदा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 527/12 रकबा 0.0160 हें /1750 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू-रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2)के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसके संबध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा 07 दिवस तक स्वयं अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अजय साहू आ. टोपसिंह साहू साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 662/2 रकबा 0.02 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी त्रिपाठी आ. जे.पी. त्रिपाठी से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21.12.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202012100400209

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मोहित चंद्राकर आ. माणिकलाल चंद्राकर निवासी आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 810/3 रकबा 0.08 हें/ 8000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202012100400208

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री तखत चंद्राकर आ. माणिकलाल चंद्राकर निवासी आदर्श नगर पोटिया द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 810/2 रकबा 0.008 हें/ 8000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202012100400150

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री खुमान सिंह आ. नेहरुराम साहू निवासी फुण्डा गुण्डरदेही द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1255/6 रकबा 0.011 हें/ 1220 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202012100700133

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत प्रसाद साहू पिता गोपाल प्रसाद साहू निवासी ग्राम धनोरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 715/26 रकबा 0.070 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रमशीला साहू आ. स्व. फिरतू साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सोनी नाईक पिता/ पति बीरबल सिंग नाईक निवासी ग्राम हुडको भिलाई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 161/1235 शा. 102/122 रकबा 0.0090 हे. भूमि को विक्रेता अमित कुमार देवांगन पिता स्व. पवन कुमार देवांगन निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 01.12.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202012100700087

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रंजना गुप्ता अन्य 1 पिता/ पति सुरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/39 रकबा 1125 वर्गफीट भूमि को विक्रेता संतोष कुमार जायसवाल वगै. पिता शिवशंकर जायसवाल निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.11.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202012101000048

विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21

कोहका प.ह.न. 00019 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- गुरुमुख सिंह रंधावा

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरुमुख सिंह रंधावा पिता स्व. प्यारा सिंह रंधावा पता सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 9281 रकबा 0.020 हे. भूमि आवेदक के पिता प्यारा सिंह रंधावा पिता मस्सा सिंह के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी प्यारा सिंह रंधावा पिता मस्सा सिंह की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.12.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.12.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202012101000049

विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21

कोहका प.ह.न. 00019 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- शम्स परवेज

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शम्स परवेज पिता स्व. फुरकान अहमद पता हुडको भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 3131 रकबा 0.030 हे. जो उसके स्व. माता हाजरा बेगम बेवा फुरकान अहमद एवं आवेदक के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामीनि हाजरा बेगम बेवा फुरकान अहमद की मृत्यु को हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर सहखातेदार का नाम यथावत् रखे जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.12.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.12.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

ब्यारा में रखा धान चोरी,तीन के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर। ब्यारा में रखा 09 कट्टा 3 क्विंटल 60 किलों धान किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट मंदिरहसौद थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार के अनुसार ग्राम पलौद मंदिरहसौद निवासी मनहरण लाल चंद्राकर 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के ब्यारा में रखा 09 कट्टा धान कीमत 09 हजार रुपये 08 दिसंबर को किसी ने चोरी कर लिया। पीड़ित ने संदेह जताया है कि ईश्वर धीवर 19 वर्ष एवं उसके 02 साथियों ने चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 379,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

कार सवार युवक व युवती से मिला 07 ग्राम ब्राउन सुगर जब्त

रायपुर। ड्रग्स मामले में पुलिस ने एक युवक व युवती को गिरफ्तार कर उसके पास से कोकिन पावडर जब्त की है। राजधानी पुलिस ने ड्रग्स मामले में कार सवार एक युवक व युवती को गिरफ्तार कर उनके पास से 3.62 ग्राम पुड़िया व 3.38 ग्राम कोकिन पावडर जब्त की है। राजेन्द्रनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 09 दिसंबर को 8.15 बजे बजाज कालोनी न्यू राजेन्द्रनगर में मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 07 एलसी 0570 में सवार हषवर्धन शर्मा 26 वर्ष पिता संजय शर्मा एवं लखप्रीत कौर 24 वर्ष पिता जोगा सिंह को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 7 ग्राम ब्राउन सुगर जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ नाकोंटिक्स एक्ट की धारा 22 बी के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया हैं।

हाइड्रा में बंधा लोहे का पट्टा टूटा सुपरवाइजर की मौत

रायपुर। हाईड्रा वाहन में लोहा का पट्टा बांधकर सिप्टिंग के दौरान चालक की लापरवाही की वजह से लोहा का पट्टा टूटकर नीचे गिर जाने से सुपरवाईजर गंभीर रुप घायल हो गया। इलाज के लिये अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नेतवार जिला देवरिया उ.प्र. निवासी प्रगति इंटक एण्ड प्रा.लिमिटेड कंपनी में सुपरवाईजर ध्रुव नारायण 50 वर्ष पिता रामनरेश सुपवाईजर था। 06 दिसंबर को दोपहर स्टाप यार्ड से हाईड्रा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमआर 4837 में लोहे का प्लेट बांधकर सिप्टिंग कराते समय हाईड्रा चालक करंज राम ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जिसके चलते लोहा बंधा पट्टा टूट कर उसके उपर गिर जाने से सिर व कंधे में गंभीर चोट आने पर इलाज के लिये मेकाहारा में भर्ती किया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने हाईड्रा चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

जोन 5 ने हफ्तेभर में दूसरी बार अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई

वालफोर्ट सिटी के बाजू का मामला

■ जोन 10 ने निखिल विहार के समीप लगभग ढाई एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर मुरूम रोड काटकर रोक लगाई

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर।नगर निगम रायपुर के आयुक्त सौरभ कुमार के निर्देश पर एक सप्ताह में दूसरी बार जनशिकायते मिलते ही उनकी वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन 5 कमिश्नर चंदन शर्मा के नेतृत्व एवं जोन सहायक अभियंता आरएन पटेल, नगर निवेश उपअभियंता सैय्यद जोहेब की उपस्थिति में निगम जोन 5 के तहत वालफोर्ट सिटी के बाजू में निजी भूमि का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। इस दौरान स्थल पर निजी भूमि पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगभग 10 एकड क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग किये जाने की जनषिकायत सही मिली ।

स्थल पर जोन 5 कमिष्नर के निर्देष पर जोन नगर निवेष विभाग ने अवैध प्लाटिंग करने बनायी गयी अवैध मुरूम रोड को थ्रीडी की सहायता से काटकर हटाया एवं वहां आने जाने का मार्ग पूरी तरह बाधित किया। ताकि अवैध प्लाटिंग के कार्य पर तत्काल कारगर रोक लग सके। इसी के साथ अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा प्लाट कटिंग के नाम पर बनायी गयी अवैध नींव को थ्रीडी मषीन की सहायता से तोडने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार आज नगर निगम आयुक्त के आदेषानुसार जनषिकायते मिलते ही जोन 10 के नगर निवेष विभाग द्वारा जोन कमिष्नर श्री दिनेष कोसरिया के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता श्री षिबूलाल पटेल, नगर निवेष उपअभियंता श्री लोचन चैहान की उपस्थिति में जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 के निखिल विहार के समीप निजी भूमि का निरीक्षण किया गया। स्थल पर अवैध प्लाटिंग किये जाने के संबंध में जनषिकायत सही मिली । स्थल पर जोन कमिष्नर के निर्देष पर जोन नगर निवेष विभाग की टीम ने थ्रीडी मषीन की सहायता से अज्ञात अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी गयी मुरूम रोड को काटा एवं वहां आवागमन को बाधित किया। साथ ही काटी गई मुरूम रोड की लगभग 4 डम्पर मुरूम स्थल से जप्त करने की कार्यवाही की गई।

ये बताया जोन कमिश्नर ने

जोन 5 कमिश्नर शर्मा ने बताया कि जोन 5 नगर निवेष विभाग की ओर से तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर शीघ्र वालफोर्ट सिटी के बाजू की लगभग 10 एकड़ निजी भूमि से संबंधित वास्तविक भूमि स्वामी की जानकारी देने अनुरोध किया गया है। इसी प्रकार जोन 10 के जोन कमिष्नर श्री कोसरिया ने बताया कि जोन 10 नगर निवेष विभाग ने तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर शीघ्र वार्ड 54 के निखिल विहार के समीप लगभग ढाई एकड निजी भूमि से संबंधित वास्तविक भूमि स्वामी की जानकारी देने अनुरोध किया है। जोन 5 एवं जोन 10 नगर निवेष विभाग द्वारा जानकारी मिलते ही निगम अधिनियम के तहत संबंधित दोनो प्रकरणों में संबंधित पुलिस थाने में संबंधित वास्तविक भूमि स्वामी के खिलाफ नियमानुसार कडी कानूनी कार्यवाही प्रक्रिया के तहत करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

राज्यपाल ने दी शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन में शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्यपाल के उप सचिव श्रीमती रोक्तिमा यादव, नियंत्रक हरबंश मिरी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वीर नारायण सिंह को बलिदान दिवस पर महापौर ने किया नमन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी शहर रायपुर में राजभवन के समीप स्थित अमर शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक के सामने उनके 163वें बलिदान दिवस पर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग ने ससम्मान अमर शहीद का पुण्य नमन करने आयोजन रखा। इस संक्षिप्त एवं गरिमापूर्ण आयोजन मे राजभवन के समीप स्थित अमर शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक के सामने अमर शहीद के प्रतीकात्मक छायाचित्र के सामने स्थल पर पहुँचकर राजधानी शहर रायपुर के प्रथम नागरिक महापौर एजाज ढेबर ने समस्त राजधानीवासियों की ओर से अमर शहीद वीर नारायण सिंह के 163वें बलिदान दिवस पर उनका सादर नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की।

कोरोना संक्रमण से 160 स्वस्थ होकर हुए डिस्चार्ज, 1421 नए मरीज मिले

■ 9 की हुई उपचार के दौरान मृत्यु

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। ठंड में इजाफा होते ही कोरोना वायरस द्वितीय चरण में अधिकतम आबादी को प्रभावित करने लगा है। ऐसी स्थिति में लापरवाही के चलते जहां कोरोना वायरस कोविड 19 का स्वरूप प्रथम चरण के बाद अधिक आक्रामक तरीके से मरीजों को प्रभावित कर रहा है वहीं लाक डाउन खत्म होने के बाद आम लोगों में अभी भी कोरोना वायरस को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। नगर निगम एवं जिला प्रशासन तथा स्वयं सेवी संगठनों द्वारा शासकीय अशासकीय क्षेत्रों द्वारा बार बार मास्क पहनने की अपील करने के बाद भी बाजार क्षेत्र में ज्यादातर लोग बिना मास्क पहने लोगों के लिए खतरे का सबब बने हुए है। दूसरे दौर में लापरवाही बरतने पर संक्रमण का स्वरूप भयावाह हो सकता है। मेडिकल कॉलेज के छाती रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर. के पण्डा ने लोगों से साधारण सर्दी बुखार होने पर अपने मन से एन्टीबायोटिक दवाएं न लेकर निकटवर्ती चिकित्सा केन्द्रो में तत्काल कोरोना वायरस की जांच कराने की प्रभावितों से अपील की है। छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार बुधवार रात 8 बजे की स्थिति में प्रदेश से कुल 160 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की जानकारी दी गई है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार 1421 नये कोरोना पाजीटिव मरीज मिलने की जानकारी दी गई है। अब तक प्रदेश में कुल 2 लाख 51,120 मरीज कोरोना पाजीटिव के पाये गये है जिनमें अस्पताल से अब तक 88,826 मरीज कोरोना उपचार के दौरान स्वस्थ होकर अपने घरों तक पहुंच चुके हैं। गत 24 घंटे में होम आइसोलेशन से 818 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं प्रदेश स्तर पर अब तक 1,39,478 मरीज स्वस्थ होकर अपनी दिनचर्या रोजाना की जारी रखने में सफल हुए हैं। प्रदेश में 978 मरीज गत 24 घंटे में डिस्चार्ज हुए है अब तक प्रदेश में 2, 28, 304 मरीज इलाज के दौरान शासकीय अशासकीय चिकित्सा संस्थानों में पंजी में दर्ज होकर समुचित उपचार का लाभ लेकर ठीक हो गये हैं।

जिलावार कोरोना मरीजों की स्थिति

जिलावार कोरोना मरीजों की स्थिति इस प्रकार है- दुर्ग 117, राजनांदगांव 104, बालोद 73, बेमेतरा 21, कबीरधाम 27, रायपुर 188, धमतरी 48, बलौदाबाजार 62, महासमुंद 107, गरियाबंद 11, बिलासपुर 131, रायगढ़ 71, कोरबा 56, जांजगीर चांपा 126, मुंगेली 5, पेंड्रा गौरेला मरवाही 14, सरगुजा 51, कोरिया 22 सूरजपुर 34, बलरामपुर 14, जशपुर 27, बस्तर 16, कोंडागांव 36, दंतेवाड़ा 14, सुकमा 15, कांकेर17, बीजापुर 06, अन्य राज्य से 8 मरीज कोरोना पॉजीटिव के मिले हैं। वहीं नारायणपुर एक भी मरीज कोरोना पॉजीटिव की नहीं मिलने की जानकारी जारी बुलेटिन दी गई है।

नायक ने की महिला उत्पीड़न से संबंधित 11 प्रकरणों की सुनवाई

■ मारपीट करने और मानसिक प्रताड़ना देने के ममाले में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक ने बुधवार को जिला कलेक्टोरेट मुंगेली स्थित मनियारी सभाकक्ष में महिलाओं से उत्पीड़न से संबंधित 11 प्रकरणों पर जन सुनवाई की। इस दौरान पक्षकारों की सुनवाई कर 8 प्रकरणों को नस्तीबद्ध किया गया। श्रीमती नायक ने सुनवाई दौरान जिला स्तरीय परिवार समिति में पचास प्रतिशत सदस्य महिलाओं का होना अनिवार्य बताते हुए जिला परिवार समिति में महिला सदस्य नियुक्त करने के निर्देश दिए। आयोग के समक्ष आए एक प्रकरण में आवेदिका से मारपीट और अभद्र व्यवहार को श्रीमती नायक ने गंभीरता से लिया और दोषियों के विरूद्ध पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआरआई) दर्ज कराने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने नगर पंचायत लोरमी के तत्कालीन पार्षद द्वारा अपने सगे संबंधी को नौकरी दिलाने के प्रकरण को भी ध्यान से सुना और दस्तावेज को देखने और परिक्षण उपरांत नियुक्ति के प्रकरण की विस्तृत जांच कर दो माह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिये। श्रीमती नायक ने ग्राम पंचायत बघनी भांवर के पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा पद का दुरूपयोग कर आवेदिका सरपंच के बिना जानकारी के उनके डिजिटल हस्ताक्षर कर एक लाख उन्नहत्तर हजार राशि का भुगतान की सुनवाई की और अनावेदक सचिव के स्वीकारोक्ति के पश्चात इस प्रकरण की गंभीरता और बढ़ जाने की बात कही।उन्होंने सरपंच के आवेदन पर विस्तृत जांच रिपोर्ट दो माह के भीतर आयोग को प्रेषित करने के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निर्देश दिये।

निरीक्षण

रायपुर(नवप्रदेश)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने गुरुवार को अपने कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के मुनगा पदर स्थित धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इसकी जानकारी खुद श्री मरकाम ने ट्वीट कर जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में किसी भी किसान को धान बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे सुनिश्चित करने धान खरीदी केन्द्रों का विधायकों द्वारा भी निरीक्षण किया जा रहा है।

स्वास्थ्य ठीक न होने से हुई कृषक की मौत

■ अनुविभागीय दण्डाधिकारी ने दिया प्राथमिक जांच प्रतिवेदन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर/राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले में तहसील राजनांदगांव के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र घुमका में गत दिवस 8 दिसम्बर को धान बेचने के दौरान ग्राम गिधवा के कृषक करण साहू की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के कारणों में कृषक श्री साहू के स्वास्थ्य को ठीक नहीं होना बताया जा रहा है। इस संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजनांदगांव प्राथमिक जांच कर अपने प्रतिवेदन में बताया कि मृतक के पुत्र तथा सहायक समिति प्रबंधक दुलेश कुमार वर्मा और ठेकेदार श्री दाऊलाल दुबे के कथनानुसार कृषक करण साहू का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। उन्होंने बताया कि कृषक करण साहू को चक्कर आने के कारण वह कुछ समय धान की बोरे से टीक कर बैठा था। अचानक कृषक करण साहू चक्कर खाकर गिरकर बेहोश हो गया जिसे एम्बुलेंस वाहन 112 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने करण साहू को मृत घोषित किया। मृतक के पास कुल 0.547 हेक्टेयर धारित रकबा है।

शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर। शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने व शादी से इंकार कर देने की रिपोर्ट पर टिकरापापारा पुलिस ने सैफ खान के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध दर्ज कर बलात्कार का मामला दर्ज किया है। जानकारी अनुसार सैफ खान नामक युवक ने जान-पहचान के बाद शादी का प्रलोभन देकर 02 अक्टूबर 2019 से 20 मार्च 2020 के मध्य शारीरिक संबंध बनाया व शादी से इंकार कर दिया।

स्वावलंबन वनोपज संग्रहण में छत्तीसगढ़ देशभर में अव्वल

संकट में वनवासियों की ढाल बन गए वनोपज

■ कोरोना काल में रोजगार भी दिया, आमदनी भी

■ इस साल 2500 करोड़ रुपए कमाई होने की संभावना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। वनों को सहेजने के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य पूरे देश में अग्रणी है। कोरोना-काल में जहां पूरे देश में वन आधारित आर्थिक गतिविधियां ठप रहीं, वहीं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने इस दौरान अच्छी उपलब्धि हासिल की। लॉकडाउन के दौरान देशभर में हुए वनोपज संग्रहण में छत्तीसगढ़ की सर्वाधिक भागीदारी रही। इससे वनवासियों को सलाना लगभग 2500 करोड़ की आय होने की संभावना है। ट्राईफेड के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में माह जुलाई तक 112 करोड़ रूपए मूल्य के 4 लाख 75 हजार क्विंटल वनोपजों का संग्रहण किया गया। जबकि कोरोना ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त कर रखा है, ऐसे में छत्तीसगढ़ के वनवासी वनोपजों के संग्रहण से जीवकोपार्जन के साथ-साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी गतिमान बनाये हुए हैं।

लॉकडाउन के दौरान फैक्ट्रियों के बन्द होने से देश-दुनिया में रोजगार की समस्या गहरा गयी, लेकिन छत्तीसगढ़ में इस संकटकाल में भी वनवासियों को वनोपज और वनोषधि संग्रहण से रोजगार मिलता रहा। आर्थिक रूप से प्रदेश में आत्मनिर्भरता आई, साथ ही अर्थव्यवस्था के पहिये भी सुचारू रूप से चलते रहे।

छत्तीसगढ़ शासन की नयी आर्थिक रणनीति वनों के जरिये वनवासियों की बड़ी जनसंख्या के जीवन में बदलाव ला रही है। राज्य में हर साल तेंदूपत्ता संग्रहण से 12 लाख 65 हजार संग्राहक परिवारों को रोजगार मिल रहा है। राज्य शासन द्वारा तेंदूपत्ता का मूल्य बढ़ाकर अब 4000 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया गया है, जिससे उन्हें 649 करोड़ रुपए का सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर अब 52 कर दी है। छत्तीसगढ़ लघु वनोजपजों के संग्रहण में देश में पहले स्थान पर है। यहां इस वर्ष शुरुआती छह माह में ही लघु वनोपजों के संग्रहण का सालाना लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया।

अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर। गांजा बेचने के फिराक में पुड़िया बनाकर कैरीबैग में लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 84 पुड़िया मादक पदार्थ गांजा 0690 ग्राम जब्त कर आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट के तहत धारा 20 बी 2 में मामला दर्ज किया है। 09 दिसंबर को शाम 4 बजे मुखबीर की सूचना पर बंजारी बाबा मजार औलिया चौक के पास गांजा बेचने ले जाने की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा है। पकड़े गए युवक से नाम पुछने पर उसने अपना नाम नरगिस 23 वर्ष पिता सैयद हामीद बताया है आरोपी के पास एक कैरीबैग में 84 पुड़िया मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 690 ग्राम जब्त किया है।

रोड एक्सीडेन्ट में 3 की मौत, अपराध दर्ज

रायपुर। सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो जाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 09 दिसंबर को सड़क किनारे खड़ी ट्रक को बनाते समय तेज रफ्तार हाईवा ने ट्रक को ठोकर मा दिया। जिसके चलते ट्रक पलट जाने की वजह से ट्रक बना रहा हेल्पर वाहन के नीचे दबने की वजह से उसकी मौत हो गई। सिलतरा धरसींवा निवासी होरीलाल वर्मा 45 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 09 दिसंबर को रिंग रोड नंबर 03बिजली सब स्टेशन के पास धनेली धरसींवा में हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचआर 7206 के चालक ने लापरवाही पूर्वक खराब ट्रक को हेल्पर द्वारा बनाते समय जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके चलते ट्रक हेल्पर मनोज कुमार गायकवाड़ 25 वर्ष पिता तापलाल गायक वाड़ निवासी दोंदेखुर्द विधानसभा रोड की मौत हो गई। पुलिस ने घअना की रिपोर्ट पर हाईवा वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इसी तरह तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 सीएच 8445 को एक्सीडेन्ट कर दिया।

संपादकीय

पाक को सबक सिखाना जरूरी

पड़ौसी देश पाकिस्तान को एक बार फिर कड़ा सबक सिखना जरूरी हो गया है। उसके खिलाफ की गई सर्जिकल स्ट्राईक और एयर स्ट्राईक के बाद भी उसके होश ठिकाने नहीं लगे है। एक ओर तो पाकिस्तान सीमा पर लगातार संघर्ष विराम को उल्लंघन कर रहा है वहीं दूसरी ओर कश्मीर में बचे खुचे आतंकवादियों की मदद से किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। कश्मीर में जिला परिषदों के चुनाव में खलल डालने के लिए उसने चिटपुट आतंकी हमले करावाए जिसका भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने करारा जवाब दिया जिसके चलते दो आतंकवादी जहन्नुम रसीद कर दिए गए। इसी तरह पाकिस्तान द्वारा सीमा पर से लगातार की जाने वाली गोलीबारी के जवाब में भारतीय सेना ने दो पाकिस्तान सैनिकों को ढेर कर दिया। पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से आसानी से तौबा नहीं करने वाला है अब तो उसके खिलाफ एक और बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक करना अतिआवश्यक हो गया है। इस बीच पाकिस्तानी अखबारों ने भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ संभावित सर्जिकल स्ट्राईक को लेकर दावा किया है कि भारत कभी भी पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राईक कर सकता है इसलिए पाकिस्तानी सेना ने सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है। पाकिस्तानी अखबारों के अनुसार भारत में चल रहे किसानों के आंदोलन से ध्यान हटाने के लिए भारत पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राईक कर सकता है। हालांकि भारत का ऐसा कोई इरादा नहीं है किसानों के आंदोलन से किसी का ध्यान हटाने की कोई जरूरत नहीं है यह भारत का अपना आंतरिक मामला है जिससे भारत सरकार निपटने में सक्षम है लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राईक तो होनी ही चाहिए क्यों कि जब तक उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं होगी और उसे उसी की भाषा में जवाब नहीं दिया जाएगा तब तक वह अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आएगा।

विचार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

किसान बचें नेताओं से

किसान नेताओं को सरकार ने जो सुझाव भेजे हैं, वे काफी तर्कसंगत और व्यवहारिक हैं। किसानों के इस डर को बिल्कुल दूर कर दिया गया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य खत्म होनेवाला है। वह खत्म नहीं होगा। सरकार इस संबंध में लिखित आश्वासन देगी। कुछ किसान नेता चाहते हैं कि इस मुद्दे पर कानून बने। याने जो सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से कम पर खरीदी करे, उसे जेल जाना पड़े। ऐसा कानून यदि बनेगा तो वे किसान भी जेल जाएंगे जो अपना माल निर्धारित मूल्य से कम पर बेचेंगे। क्या इसके लिए नेता तैयार हैं ? इसके अलावा सरकार सख्त कानून तो जरुर बना दे लेकिन वह निर्धारित मूल्य पर गेहूं और धान खरीदना बंद कर दे या बहुत कम कर दे तो ये किसान नेता क्या करेंगे ? ये अपने किसानों का हित कैसे साधेंगे ? सरकार ने किसानों की यह बात भी मान ली है कि अपने विवाद सुलझाने के लिए वे अदालत में जा सकेंगे याने वह सरकारी अफसरों की दया पर निर्भर नहीं रहेंगे। यह प्रावधान तो पहले से ही है कि जो भी निजी कंपनी किसानों से अपने समझौते को तोड़ेगी, वह मूल समझौते की रकम से डेढ़ गुना राशि का भुगतान करेगी। इसके अलावा मंडी-व्यवस्था को भंग नहीं किया जा रहा है। जो बड़ी कंपनियां या उद्योगपति या निर्यातक लोग किसानों से समझौते करेंगे, वे सिर्फ फसलों के बारे में होंगे। उन्हें किसानों की जमीन पर कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। इसके अलावा भी यदि किसान नेता कोई व्यावहारिक सुझाव देते हैं तो सरकार उन्हें मानने को तैयार है। अब तक कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर और गृहमंत्री अमित शाह का रवैया काफी लचीला और समझदारी का रहा है लेकिन कुछ किसान नेताओं के बयान काफी उग्र हैं। क्या उन्हें पता नहीं है कि उनका भारत बंद सिर्फ पंजाब और हरयाणा और दिल्ली के सीमांतों में सिमटकर रह गया है ? देश के 94 प्रतिशत किसानों का न्यूनतम समर्थन मूल्य से कुछ लेना-देना नहीं है। बेचारे किसान यदि विपक्षी नेताओं के भरोसे रहेंगे तो उन्हें बाद में पछताना ही पड़ेगा। राष्ट्रपति से मिलनेवाले प्रमुख नेता वही हैं, जिन्होंने मंडी-व्यवस्था को खत्म करने का नारा दिया था। किसान अपना हित जरुर साधे लेकिन अपने आप को इन नेताओं से बचाएं।

टेक ज्ञान-

Redmi 9 Power में 6000mAh बैटरी और चार कैमरे

नई दिल्ली। रेडमी का नया स्मार्टफोन Redmi 9 Power भारत में 17 दिसंबर को लॉन्च होने वाला है। रेडमी 9 पावर भारत में रेडमी 9 सीरीज का 8वां डिवाइस होगा। इसमें रेडमी नोट 9 सीरीज के तीन डिवाइस भी शामिल हैं। इस सीरीज के पॉप्युलर स्मार्टफोन रेडमी 9, रेडमी 9द्ब, रेडमी 9 और रेडमी 9 प्राइम देश में पहले से उपलब्ध हैं। रेडमी 9 पावर को कंपनी 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे एक ऑनलाइन इवेंट में लॉन्च करेगी। इस अपकमिंग स्मार्टफोन का लैंडिंग पेज mi.com पर लाइव हो गया है।

इसके मुताबिक फोन में 48 मेगापिक्सल का ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप, बड़ी बैटरी, स्नैपड्रैगन प्रोसेसर समेत और कई शानदार फीचर दिए जाएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो भारत में लॉन्च होने वाला रेडमी 9 पावर चीन में लॉन्च हुए रेडमी नोट 9 4G का रीब्रैंडेड वर्जन होगा।

श्याम सुंदर भाटिया

सुदर्शन चक्र बनाम प्रतिशोध चक्र

लोकत्रंत में जनता ही सबसे बड़ी ताकत है। प्रतिशोध का विचार महाराष्ट्र में कभी पनपा ही नहीं है। शत्रु को पराजित करना है, लेकिन इस तरह से बेवजहज राजनीतिक शत्रु का कांटा निकलना महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं है। ऐसी प्रतिशोध की भावना महाराष्ट्र की मिट्टी में नहीं है। ललकारते और नेक सलाह देते हुए वह कहते हैं, क्रांतिकारी और पराक्रमी महाराष्ट्र की महाराष्ट्र की मिट्टी में जन्म लेते हैं। इस साक्षात्कार में वह ईमानदारी से स्वीकारते हैं, मैं शासन- प्रशासन की श्रेणी का नहीं हूँ। हमारा घराना सेवाव्रती है। महाराष्ट्र की सेवा करनी वाली है, छठवीं पीढ़ी है। सरकार चलाने में मनपा का वर्षों का अनुभव काम आया है। हालांकि पूर्व में प्रत्यक्ष रुप से भले की सत्ता का उपभोग नहीं किया हो, लेकिन फिर भी सत्ता को करीब से देखता आया हूँ, इसीलिए एक बरस के कामकाज में कोई दबाव महसूस नहीं हुआ। हाँ, इस एक साल में शिव सैनिकों से थोड़ा दूर हो गया। मुलाकातें नहीं हो पाती हैं, इसकी बड़ी वजह कोविड-19 है, लेकिन जल्द ही मेलमिलाप का सिलसिला प्रारम्भ हो जाएगा।

राजनीति में बदले की भावना कतई नहीं चलती है। हम पर हावी होने वाले लोगों का भी परिवार और बच्चे हैं। तुम धोए हुए चावल नहीं हो, तुम्हारी खिचड़ी कैसे पका सकते हैं, हम पका सकते हैं। महाराष्ट्र की सरकार आज गिराएंगे, कल गिराएंगे -ऐसा बोलने वालों के दांत गिर पड़ें हैं। वर्षा बंगले से लेकर मातोश्री तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे ने साझा सरकार के दूसरे वर्ष में मंगल प्रवेश पर राजसभा के सदस्य एवं मराठी सामना के कार्यकारी संपादक श्री संजय राउत से लंबी गुफ़्तगू में उन्होंने हर सवाल का जवाब बड़ी बेबाकी से दिया। शिवसेना के मुखपत्र- सामना मराठी को दिया यह साक्षात्कार परोक्ष रुप से शिवसेना पुरानी दोस्त भारतीय जनता पार्टी और उसके आकाओं पर जोरदार हमला है। हालाँकि इस इंटरव्यू की खास बात यह है, न तो सवाल और न ही जवाब में कहीं भी भाजपा, राज्यपाल या किसी विरोधी दल का नाम नहीं लिया गया है। इशारों ही इशारों में भाजपा को अपनी हैसियत में रहने की हिदायत दे डाली है। साथ ही राजधर्म का भी स्मरण करा दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने चेताया- फ़िलहाल में सिर्फ हाथ धो रहा हूँ। हावी होंगे तो हाथ धोकर पीछे पड़ जाऊंगा। तीखा प्रहार करते हुए कहते हैं, कुछ लोगों के दिमाग में विकार आ गया है। इसका इलाज करना ही होगा। इस बहुचर्चित, बहुपठनीय और दमदार गुफ़्तगू में बोले, मराठी माणुस को गाड़ कर उस पर कोई नाच नहीं सकता है।



अभिनन्दन साक्षात्कार में उन्होंने स्वीकार किया, शिवसेना के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस और कांग्रेस का आना और साझा सरकार का गठन किसी लोकतांत्रिक चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की कार्यवाहक श्रीमती सोनिया गांधी और राष्ट्रवादी कांग्रेस के सुप्रीमो श्री शरद पवार का ह्रदय से आभारी हूँ। अपने विरोधियों को करारा जवाब देते हुए बोले, यह अप्राकृतिक सरकार नहीं है। यह गठबंधन सियासी साहस, नए प्रयोग और विश्वास के प्रतीक हैं। एक बरस की सरकार चलाने में उन्हें किसी प्रकार की कसरत नहीं करनी पड़ी है। मुझे भरोसा है, आगामी चार साल भी महाविकास आघाड़ी सरकार और बेहतर प्रदर्शन करेगी। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। ईडी और सीबीआई के मिसयूज पर कहते हैं, सच्चाई यह है- जब भी मुझे चुनौती मिलती है तो ज्यादा स्फूर्ति आ जाती है। वह अपने दादा जी का भावपूर्व स्मरण करते हुए इस इंटरव्यू में कहते हैं, दशहरे के मैंने अपने भाषण में कहा था, महाराष्ट्र ने मरी हुई माँ का दूध नहीं पिया हुआ है। महाराष्ट्र बाघ की संतान है। कोई भी महाराष्ट्र के आड़े आएगा और फिर नाहक बिना वजह दबाने की कोशिश करेगा तो क्या होगा, इसका उदाहरण इतिहास में दर्ज है। महाराष्ट्र कभी रुका नहीं है। महाराष्ट्र कभी रुकेगा नहीं। महाराष्ट्र हमेशा आगे बढ़ता रहा है, बढ़ता रहेगा।

श्री ठाकरे चुनौती देने वालों से कहते हैं, ऐसी चुनौती देकर आप प्रतिशोध चक्र चलाने वाले होंगे तो फ़िलहाल प्रतिशोध चक्र में उलझने की मेरा कोई इच्छा नहीं है। यदि आपने इसके लिए विवश किया तो आप हमें हिंदूवादी कहते हो ना तो फिर ठीक है। प्रतिशोध चक्र आपके पास है तो हमारे पास सुदर्शन चक्र है। वह नाम लिए बिना भाजपा को सलाह देते हैं, राजनीति, राजनीति की तरह करो। सत्ता हमेशा किसी के पास नहीं रहती है। लोकत्रंत में जनता ही सबसे बड़ी ताकत है। प्रतिशोध का विचार महाराष्ट्र में कभी पनपा ही नहीं है। शत्रु को पराजित करना है, लेकिन इस तरह से बेवजहज राजनीतिक शत्रु का कांटा निकलना महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं है। ऐसी प्रतिशोध की भावना महाराष्ट्र की मिट्टी में नहीं है। ललकारते और नेक सलाह देते हुए वह कहते हैं, क्रांतिकारी और पराक्रमी महाराष्ट्र की महाराष्ट्र की मिट्टी में जन्म लेते हैं। इस साक्षात्कार में वह ईमानदारी से स्वीकारते हैं, मैं शासन-प्रशासन की श्रेणी का नहीं हूँ। हमारा घराना सेवाव्रती है। महाराष्ट्र की सेवा करनी वाली है, छठवीं पीढ़ी है। सरकार चलाने में मनपा का वर्षों का अनुभव काम आया है। हालांकि पूर्व में प्रत्यक्ष रुप से भले की सत्ता का उपभोग नहीं किया हो, लेकिन फिर भी सत्ता को करीब से देखता आया हूँ, इसीलिए एक बरस के कामकाज में कोई दबाव महसूस नहीं हुआ। हाँ, इस एक साल में शिव सैनिकों से थोड़ा दूर हो गया। मुलाकातें नहीं हो पाती हैं, इसकी बड़ी वजह कोविड-19 है, लेकिन जल्द ही मेलमिलाप का सिलसिला प्रारम्भ हो जाएगा। महाराष्ट्र में कोविड-19 पर भी उन्होंने अपना नजरिया साफ़ किया। महाराष्ट्र की मेरा परिवार- मेरी जिम्मेदारी को बेमिसाल बताते हुए बोले, सूबे में इस अनसीन महामारी में डॉक्टर्स, स्वास्थ्य कर्मी- आशा, आंगनबाड़ी सेविका के संग-संग पुलिस और स्वयं सेवी संगठनों का योगदान अनमोल रहा। प्रधानमंत्री को मेरी यह सलाह है, कोरोना को लेकर पुरे देश में एक नीति तय करें। वैक्सीन कब आएगी, नहीं पता -लेकिन मास्क लगाओ, फासला रखो और हाथ धोओ सरीखे उपायों के चलते वायरस हमसे दूरी रखेगा, वैश्विक सच्चाई यही है। बोले, इस कालावधि में वर्क फ्रॉम होम का उदय हुआ है। ऑनलाइन एजुकेशन को लेकर महाराष्ट्र सरकार संजीदा है, लेकिन इसके लिए नेटवर्किंग सुविधा पुख्ता होनी चाहिए। धरतीपुत्रों के प्रति हमारी सरकार का समर्पण उल्लेखनीय है। मैंने सीएम की शपथ लेते ही काश्तकारों को दो लाख का खर्च माफ़ कर दिया था। इसका लाभ सूबे के साढ़े 29 लाख किसानों को हुआ। उद्योगों और रोजगार को लेकर भी सरकार गंभीर है। बिना नाम लिए इशारों-इशारों में भाजपा और राजभवन पर बोले, मैं शिवसेना प्रमुख और अपने दादा जी के हिंदुत्व का हिमायती हूँ। वह कहते हैं , बेवजह किसी भी धर्म की आड़ में आप राजनीति मत करोज हमें हिंदुत्व सिखाने के पचड़े में मत पड़ो। इस देश में भगवा का पहला स्वराज्य छत्रपति शिवाजी महाराज ने ही स्थापित किया। मुख्यमंत्री का पद तो आता-जाता है। कुछ लोग पद और उसके सिंहासन को सर्वाधिक तवज्जो देते हैं, लेकिन ऐसा होना नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री भी इंसान होता है। प्रधानमंत्री भी इंसान होता है। सीएम हो या पीएम हो, अंदर की इंसानियत हमेशा जिन्दी रहनी चाहिए।

भरोसा सबसे जरूरी, कैसे टूटे किसान आंदोलन

अनुराग

किसानों की कई और चिंताओं को दूर करने की कोशिश भी इसमें दिखती है। बावजूद इसके, किसान आंदोलन से जुड़े संगठनों के नेतृत्व ने एक स्वर से इसे खारिज कर दिया। उनका कहना है कि सभी दौरों की बातचीत में सरकार की तरफसे एक ही बात कही जाती रही है कि वह किसानों की सभी आशंकाओं और चिंताओं को दूर करना चाहती है, लेकिन उसकी किसी बात पर भरोसा नहीं किया जा सकता। साफहै कि सरकार और किसानों के बीच दूरी कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। शायद यही वह सबसे बड़ी वजह है, जिसके चलते लगातार बातचीत के बावजूद दोनों पक्षों के बीच सार्थक संवाद का कोई पुल बनता नहीं दिख रहा है।

कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन खत्म होता नहीं दिख रहा है। कई दौर की वार्ता हो चुकी है पर किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं। ऐसे में सवाल यह है कि किसानों की आशंकाएं कैसे दूर होंगी।

नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों और सरकार के बीच जारी बातचीत में आया गतिरोध टूटने की कोई सूरत नहीं बन पा रही है। बिना किसी पूर्व योजना के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निमंत्रण पर उनसे हुई किसान नेताओं की वार्ता के बाद सरकार द्वारा भेजे गए लिखित प्रस्ताव को भी किसानों ने ठुकरा दिया है, साथ ही अपना आंदोलन और तेज करने की घोषणा की है।

हालांकि मंगलवार को भारत बंद के बाद जब गृहमंत्री ने किसान नेताओं को बुलाया तो इसको इस बात का संकेत माना गया कि सरकार आंदोलन की मांगों को लेकर गंभीर है और अब कोई रास्ता निकल आएगा। सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में एमएसपी गारंटी करने का कानून बनाने वाली बात भले न हो, पर इसमें एमएसपी जारी रखने का लिखित आश्वासन देना मंजूर किया गया है।

इसके अलावा फसल की खरीदी करने वाले निजी व्यवसायियों के राज्य सरकारों द्वारा रजिस्ट्रेशन किए जाने और अनाज मंडी से बाहर की जाने वाली खरीद-बिक्री पर भी टैक्स लगाने का अधिकार उनको देने की बात इस प्रस्ताव में कही गई है। किसानों की कई और चिंताओं को दूर करने की कोशिश भी इसमें दिखती है। बावजूद इसके, किसान आंदोलन से जुड़े संगठनों के नेतृत्व ने एक स्वर से इसे खारिज कर दिया।

उनका कहना है कि सभी दौरों की बातचीत में सरकार की तरफसे एक ही बात कही जाती रही है कि वह किसानों की सभी आशंकाओं और चिंताओं को दूर करना चाहती है, लेकिन उसकी किसी बात पर भरोसा नहीं किया जा सकता। साफ है कि सरकार और किसानों के बीच दूरी कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। शायद यही वह सबसे बड़ी वजह है, जिसके चलते लगातार बातचीत के बावजूद दोनों पक्षों के बीच सार्थक संवाद का कोई पुल बनता नहीं दिख रहा है। सरकार और किसानों के बीच भरोसे की ऐसी कमी भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंता की बात होनी चाहिए, हालांकि यह स्थिति कोई एक-दो दिन में नहीं आई है।

कृषि कानूनों पर संसद में चर्चा के दौरान विपक्षी पार्टियों का रुख बहुत कड़ा था लेकिन सरकार ने उसकी कोई परवाह नहीं की। किसानों के शुरुआती विरोध प्रदर्शनों को भी खास तवज्जो नहीं दी गई। पंजाब में लंबे समय तक रेल पटरियों पर जारी धरने को सिरे से अनदेखा कर दिया गया। वहां से किसान दिल्ली के लिए निकले तो हरियाणा में उन्हें बलपूर्वक रोकने की कोशिश हुई। यहां तक कि दिल्ली बॉर्डर तक पहुंच जाने और यहां डेरा जमा लेने के बावजूद सत्तारूढ़ हलकों की ओर से कभी उनको बरगलाया हुआ बताया जाता रहा तो कभी खालिस्तानी करार देने की कोशिश की गई।

कृषि कानूनों पर संसद में चर्चा के दौरान विपक्षी पार्टियों का रुख बहुत कड़ा था लेकिन सरकार ने उसकी कोई परवाह नहीं की। किसानों के शुरुआती विरोध प्रदर्शनों को भी खास तवज्जो नहीं दी गई। पंजाब में लंबे समय तक रेल पटरियों पर जारी धरने को सिरे से अनदेखा कर दिया गया। वहां से किसान दिल्ली के लिए निकले तो हरियाणा में उन्हें बलपूर्वक रोकने की कोशिश हुई। यहां तक कि दिल्ली बॉर्डर तक पहुंच जाने और यहां डेरा जमा लेने के बावजूद सत्तारूढ़ हलकों की ओर से कभी उनको बरगलाया हुआ बताया जाता रहा तो कभी खालिस्तानी करार देने की कोशिश की गई।

ऐसे में यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरा जनता का यह अहम हिस्सा सरकार की बातों पर भरोसा कर लेगा? जाहिर है, संवाद की सफलता का सवाल तो बाद में उठेगा, पहले सरकार खुद किसानों पर भरोसा करे। इस क्रम में वह किसानों का विश्वास भी जीत सकती है। दोनों पक्षों को याद दिलाना जरूरी है कि फैसला अंततः बातचीत से ही होगा, बल प्रदर्शन से नहीं। हालांकि बातचीत का माहौल बनाने की जिम्मेदारी निश्चित रूप से किसानों से ज्यादा सरकार की है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नशा आज ऐसा

नशा आज ऐसा करा दे रे रब्बा जिन्दगी में भांग मिला दे रे रब्बा ना दर्द दुखे कोई ना चोट पे मरहम हो हो पास मेरा हमदम दूर कहीं हर गम हो संगीत बन पवन तू चला दे रे रब्बा दुखते किन्हीं छालों को सिला दे रे रब्बा तेरे नाम की माला का हम मोती हो जाएँ तेरे मन दीपक की हम ज्योती हो जाए बेघर मुसाफिर को रस्ता दिखा दे रे रब्बा गोद में सुला कर लोरी सुना दे रे रब्बा।

– रेनूमनोज श्रीवास्तव

चोरी की कविता

चोरी की कविता पढ़ें ,भरें खूब परवाज। मंचों पर अब कवि नहीं, दिखें चुटकुलेबाज। दिखें चुटकुलेबाज ,मुखौटा कवि का धारे। सच्चे कवि बेहाल , घूमते बने बिचारे। करो बहिष्कृत इन्हें ,बात ये करें छिछोरी। मंचों पर आसीन ,करें कवि कविता चोरी।।

– डॉ बिपिन पाण्डेय

खास पाती | सुनो इश्क़, तुम्हारे कहने पर मैं

सुनो इश्क़, तुम्हारे कहने पर मैं दिन को रात तो कह दूँ मगर, नही हो सकेगा मुझसे फ़रेब को फ़रेब न कहना, तुम्हें मनाने भर की लाख कोशिशें भी चाहे कम पड़ जाए मैं अड़ी रहूँगी उसी फैसले पर जहाँ मेरा मन मेरी आत्मा एक होकर कह देंगे कि मेरा ये फ़ैसला सही है और तुम ग़लत। हाँ ये थोड़ा कठिन होगा पर तुम्हारे प्रेम के शहद के लालच में मैं नही खो सकती अपना जमीर अपना आत्मसम्मान। चाहे फिर वो नीम के दातुन सा ही क्यों न हुआ हो।

– वर्षा गुप्ता

कोयल नाच नहीं सकती .... मोर

कोयल नाच नहीं सकती .... मोर गा नहीं सकता..... प्रेम में असहाय होना कुछ ऐसा सा ही है ना? आग और आग कभी राग नहीं बनाते ..... तुम्हें जल ही होना होगा मेरे लिए। तुम्हारा बस होना ..... बस तुम्हारा होना.... प्रेम की इससे वाज़िब वजह मेरे पास नहीं। प्रेमी हो जाने पर प्रेम दुखने लगता है.... हम तुम प्रेम रहेंगे..... उसके होंठ सबसे छोटा कागज़ और मेरी सबसे लंबी कविता अभी लिखी जानी है अप्रेम में अतिरिक्त अ मैं हूँ और शेष प्रेम तुम।

- कल्पना पाण्डेय

वक़्त गुज़र गया तू मुझमें हर बार

वक़्त गुज़र गया तू मुझमें हर बार जाते-जाते थोड़ा-थोड़ा सा कुछ रह गया.. वफ़ा की हदों को एक नज़र देखिए.. इश्क़ कही बाकी था तुझमें नामालूम कहाँ... मिला जो खाक़ से वही इश्क़ फिर मुझमें हम बन के मेरी रुह में आकर फिर से तुम बन कर इश्क़ सा रम गया.....!!

– नंदिता तनूजा

हमारी -तुम्हारी यहां दोस्तों अब हर

हमारी-तुम्हारी यहां दोस्तों अब हर रोज ही तो मुलाकात होंगी ! तुम्हारे मन को,छुए गीत गुन-गुन गीतों में उल्फत भरी बात होंगी ! घेरें निराशाओं के गर अँधेरे, लाऊँगा आशा के , स्पनिल सबेरे, हर बंध में बंद हैं यह दुआएं अभी तो नई चांदनी रात होंगी हमारी -तुम्हारी फूटें कि अधरों. पे अंकुर हंसी के, तुम्हारे मन में , खिलें गुल खुशी के, यहां उदासी के , आए जो पतझड़ गीतों से फूलो की बरसात होंगी। – **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

आजकल शादी की पार्टियों में



आजकल शादी की पार्टियों में स्पोर्ट शूज़ पहन कर जाना पड़ता है ..पार्किंग से स्टेज 1 चरू, खाने के स्टाल के चक्कर 1 चरू फिर मिलने मिलाने में एकाध चरू फिर पार्किंग तक आने में 1 चरू कुल जमा 3-4 चरू की वाकिंग हो जाती है। मैराथन दौड़ में भाग लिए जैसी फीलिंग आती है लौटकर।

– निलोत्पल शुक्ला

न पाँव अपने ज़मीं पे हैं न

न पाँव अपने ज़मीं पे हैं न कारवां -ए-दिल ठहर मगर धड़कन रवाँ दिल में है , 'पुष्प 'लहर फलक़ जिधर। जो मयकशी का सुरूर है तो चाहतों में शऊर होगा ये मौजज़े के भी राज़ हम , यूँ भी तन्हा खुदाया करेंगे।

– पुष्पा त्रिपाठी 'पुष्प

धोखा वफा की राह में खाए

धोखा वफा की राह में खाए हैं हम ज़रूर लेकिन किसी के साथ धोखा नहीं किया, हमने गुजार दी फ़क़ीरी में जिंदगी लेकिन कभी ज़मीर का सौदा नहीं किया। – **गौरव शर्मा भारतीय**

QUIZ TIME

1) बालाजी गम टेप इन्डस्ट्री जो छत्तीसगढ़ की प्रथम गम टेप बनाने वाली कंपनी है, कहाँ स्थित है?

2) आरंग-महानदी-खरियार रोड कौन-सी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक के अन्तर्गत आती है?

3) छत्तीसगढ़ के प्रमुख बांध रविशंकर सागर जलाशय (गंगरेल बांध) जिसकी जल क्षमता 32 टी.एम.सी है इसमें बाढ़ के जल निकासी हेतु कितने जलद्वार हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रायगढ़ (2) एनएच-217 (3) 14 (4) 11 सितंबर, 2001 (5) झुमुकदास बघेल

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1618 - रूस और पौलेंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए। 1666 - हॉलेन्ड के प्रख्यात चित्रकार फ्रेन्ज़ हेल्ज़ का निधन। 1719 - उत्तरी अमेरिकी कालोनियों (न्यू इंग्लैंड) में अरोड़ा बोरेलिस का पहला प्रदर्शन शुरू किया गया। 1816 - इंडियाना अमेरिका का 19वां राज्य बना। 1845 - प्रथम आंग्ल सिख युद्ध शुरू हुआ। 1858- बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और यदुनाथ बोस कलकत्ता विश्वविद्यालय से कला विषय के पहले स्नातक बने। 1907 - न्यूजीलैंड की संसद आग से जलकर पूरी तरह से खाक हुई। 1912 - फ्रांस के रोलाण्ड गैर्सस ने ट्यूनिस पर 18,670 फीट का ऊंचाई का नया रिकॉर्ड बनाया। 1922 - ट्रेजडी किंग के नाम से मशहूर दिलीप कुमार का पाकिस्तान के पेशावर में जन्म। 1935 - पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का पश्चिम बंगाल के बीरभूम में जन्म। 1944 - ब्रिटिश की आठवीं सेना ने इटली के लैमोन पर चढ़ाई की। 1946 - राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 1964 - संयुक्त राष्ट्र के युनिसेफ़ की स्थापना हुई। यह संगठन 150 से अधिक देशों में सक्रिय है। इसका केंद्र न्यूयार्क में है। 1967 - पश्चिमी भारत में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से 170 लोगों की मौत हुई। 2005 - न्यू साउथ वेल्स के क्रोनुल्ला में ऑस्ट्रेलियाई लोगों द्वारा स्थानीय नागरिकों के प्रति हिंसा के खिलाफ किया गया एक प्रदर्शन दंगे में बदला। 2010 - बोलीविया में सेवानिवृत्ति की आयु 65 से घटाकर 58 कर दी गई।

'अंतिम' में पुलिस अधिकारी बने नजर आयेंगे सलमान!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान फिल्म 'अंतिम : द फाइनल ट्रुथ' में पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आयेंगे। बॉलीवुड निर्देशक महेश मांजरेकर फिल्म 'अंतिमः द फाइनल ट्रुथ' बना रहे हैं। फिल्म में आयुष शर्मा और निकितिन धीर की अहम भूमिका हैं। इस फिल्म में सलमान खान भी काम करते नजर आयेंगे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में आयुष एक खूंखार गैंगस्टर की भूमिका निभाएंगे जबकि सलमान एक पुलिस वाले के रूप दिखाई देंगे। सलमान का लुक इस फिल्म में बेहद खास होने वाला है। सलमान के बहनोई आयुष शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें सलमान खान का नया लुक सामने आया है। वीडियो में सलमान ग्रे पैंट और काले जूतों के साथ नेवी ब्लू शर्ट पहने सरदार लुक में नजर आ रहे हैं। आयुष ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'अंतिम शुरू हो गयी है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म मराठी फिल्म 'मुल्शी पैटर्न' की हिंदी रीमेक है।

'पठान' में जासूस का किरदार निभायेंगी डिंपल कपाड़िया!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया फिल्म 'पठान' में जासूस का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। शाहरुख खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'पठान' की शूटिंग शुरू कर दी है। यशराज बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी नजर आने वाले हैं। चर्चा है कि फिल्म में डिंपल कपाड़िया भी नजर आने वाली है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में वह एक जासूस का किरदार निभाती नजर आएंगी, जो कि उनकी ही टीम की एक सदस्य होने वाली हैं।

बताया जा रहा है कि फिल्म में शाहरुख खान की एक टीम होगी, जिसमें डिंपल कपाड़िया भी शामिल होंगी।

शादी के बाद हनीमून पर गए शाहीर शेख और रुचिका कपूर

नई दिल्ली। टीवी एक्टर शाहीर शेख ने हाल ही में गर्लफ्रेंड रुचिका कपूर संग शादी की है। शादी के बाद दोनों इस समय हनीमून पीरियड एंजॉय कर रहे हैं। शाहीर शेख ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। दोनों ही एक जैसी ग्रीन जैकेट पहने पोज देते नजर आ रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए शाहीर शेख ने लिखा, ÷थोड़ा सब्ज, थोड़ा आसमान और तेरी मुस्कुराहत। बता दें कि शाहीर ने गर्लफ्रेंड रुचिका से 27 नवंबर, 2020 को कोर्ट मैरिज की थी। एकता कपूर की कंपनी में कार्यरत रुचिका की शादी की खबर सुनकर प्रोड्यूसर काफी शॉक्ड हो गई थीं। शादी के बाद रुचिका ने शाहीर शेख संग फोटो शेयर की थी, जिसमें उन्होंने लिखा था कि हम दोनों एक ऐडवेंचर के लिए रवाना हो चुके हैं, जिसका नाम फॉरएवर है।

एकता कपूर ने रुचिका की इस फोटो पर कॉमेंट करते हुए लिखा था कि क्या ये कब हुआ तुमने कब शादी की इसके बाद एकता कपूर ने शाहीर और रुचिका की फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था कि बेगम रुचिका कपूर शेख, तुम दोनों को शादी की मुबारकबाद, तुम दोनों से मैं बहुत प्यार करती हूं।

वहीं, शाहीर ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हमारे रिश्ते की सबसे अच्छी बात यह है कि हम पहले अच्छे दोस्त हैं, फिर पति-पत्नी। एक एक्टर होने के नाते मुझे हर पल कैमरे के सामने एक किरदार में रहना पड़ता है, लेकिन मुझे एक ऐसी पार्टनर मिली है, जिसके सामने मैं वह बना रह सकता हूं, जो मैं असल में हूं।

पॉजिटिव पाए जाने के बाद नीतू कपूर ने शेयर की पोस्ट

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू कपूर 4 दिसंबर को कोरोना पॉजिटिव पाई गई थीं। उसके बाद अब उन्होंने फैन्स को खुद का हेल्थ अपडेट देते हुए पोस्ट शेयर की है, जिसपर बेटी रिद्धिमा कपूर का कॉमेंट आया है। बता दें कि नीतू कपूर चंडीगढ़ में फिल्म 'जुग जुग जियो' की शूटिंग में व्यस्त थीं, जिसके दौरान वह कोरोना संक्रमित पाई गईं। इनके साथ वरुण धवन और अनिल कपूर भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। हेल्थ अपडेट देते हुए नीतू ने जो पोस्ट शेयर की है, उसमें उन्होंने लिखा कि वह पहले से बेहतर महसूस कर रही हैं। नीतू लिखती हैं, ÷हफ्ते की शुरुआत में मैं कोरोना संक्रमित पाई गई थी। सभी सावधानियां बरती जा रही हैं और मैं अधिकारियों का शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने हमारी इतनी मदद की और रिस्पॉन्स भी जल्दी दिया। मैं सेल्फक्वारंटाइन में हूं। डॉक्टर द्वारा दी गई दवाएं ले रही हूं और पहले से बेहतर महसूस कर रही हूं। नीतू कपूर आगे लिखती हैं कि मैं आप सभी के भेजे प्यार और दुआओं का शुक्रिया अदा करती हूं। आप लोग भी सेफरहिए, मास्क पहनकर रखिए, सावधानी से दूरी बनाकर चलिए और अपना ख्याल रखिए, नीतू कपूर। मां नीतू की इस पोस्ट पर रिद्धिमा कपूर ने कॉमेंट करते हुए लिखा, आप मजबूत हैं और फिट भी। इससे आप और मजबूत और फिट बनेंगी। नीतू कपूर मुंबई, एयर ऐम्बुलेंस में आई थीं। बेटे रणबीर कपूर मां नीतू की देखभाल में लगे हुए हैं। वह चाहते थे कि उनकी मां सेफघर पहुंचे, जिसके चलते रणबीर ने ही एयर ऐम्बुलेंस का पूरा इंतजाम किया था।

सरप्राइज से भरपूर होगा क्रिटिक चॉइस अवॉर्ड्स का तीसरा संस्करण

मुंबई (वार्ता)। क्रिटिक चॉइस अवॉर्ड्स के आयोजकों का कहना है की इस अवार्ड का तीसरा संस्करण सरप्राइज से भरपूर होगा। क्रिटिक चॉइस अवॉर्ड्स का तीसरा संस्करण कई सारे सरप्राइज से भरा होगा क्योंकि इस बार सभी भारतीय भाषाओं की सीरीज, फीचर फिल्म, शॉर्ट्स, होनहार कलाकारों और टेक्नीशियन को एक ही मंच पर लाकर सम्मानित किया जाएगा।

पहली जीत का लक्ष्य लेकर जमशेदपुर से भिड़ेगी ईस्ट बंगाल

वास्को (वार्ता)। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में पहली बार खेल रही ईस्ट बंगाल अपने शुरुआती तीन मैचों में हार की हैट्रिक लगा चुकी है और अब सातवें सीजन के अपने चौथे मैच में वह गुरुवार को तिलक मैदान पर जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी और सीजन में पहली जीत अपने नाम करना चाहेगी।

कोच रॉबी फॉलर यह अच्छी तरह से जानते हैं कि अगर टीम को लगातार चौथी हार से बचना है, तो इस मैच में गलती की कोई गुंजाइश नहीं होगी। फॉलर ने मैच की पूर्वसंध्या पर आज कहा, ''हमें खुद पर विश्वास करना होगा। यह एक कठिन मैच है। यह एक ऐसा मैच है, जिसमें हम सुधार कर सकते हैं। प्रदर्शन के मामले में हम बहुत खराब नहीं हैं, लेकिन शायद परिणाम हमारे खिलाफ रहे हैं।''

कई मौके बनाने के बावजूद ईस्ट बंगाल इस सीजन में अब तक एक भी गोल नहीं दाग पाई है। उसने बॉक्स के अंदर से अब तक केवल 17 शॉट ही लिए हैं जो लीग में दूसरा सबसे कम है। हालांकि फॉलर अपने स्ट्राइकरों का बचाव करने से नहीं चूक रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह हमेशा स्ट्राइकरों के बारे में नहीं है। गोल करने के लिए हमें अन्य चीजों की भी आवश्यकता होती है। अगर खिलाड़ी मौके नहीं बनाते हैं तो मैं अधिक चिंतित होता हूं।''

ईस्ट बंगाल सीजन में तीन मैचों में अब तक सात गोल खा चुकी है और ऐसे में अब उसके सामने जमशेदपुर के स्टार स्ट्राइकर नेरीजुस वाल्सकिस को रोकने की चुनौती होगी, जो चार मैचों में पांच गोल कर चुके हैं।

दूसरी तरफ, जमशेदपुर की टीम अपने पिछले मैच में पिछले तीन मैचों से जीतती आ रही मौजूदा चैम्पियन एटीके मोहन बागान को 2-1 से हराकर उसका विजयरथ रोक चुकी है। इससे कोच ऑवेल कायॅले के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है। जमशेदपुर की टीम एक ऐसी टीम है, जिसने पिछले तीन मैचों में क्लीन शीट हासिल की है। लेकिन कॉयले मानते हैं कि ईस्ट बंगाल के खिलाफ मुकाबला आसान नहीं होगा। जमशेदपुर की टीम पिछले 15 दिनों के अंदर अपना पांचवां मैच खेलेगी।

कॉयले ने कहा, ''यह एक कठिन मैच होने जा रहा है क्योंकि वह एटीके के खिलाफथा और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम इसके लिए तैयार हैं। वे बहुत खतरनाक प्रतिद्वंद्वी है।'' जमशेदपुर ने पिछले चार मैचों में छह गोल किए है, जिसमें से पांच गोल तो वाल्सकिस ने खुद किए हैं। वहीं, ईस्ट बंगाल की टीम पिछली विफलताओं को पीछे छोड़कर इस मैच से सीजन में पहला अंक हासिल करना चाहेगी।

कल से पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में रखना होगा न्यूनतम बैलेंस

नई दिल्ली। अगर आपका भी पोस्ट ऑफिस में सेविंग अकाउंट है, तो ये आपके लिए काम की खबर हैं। कल से बदल पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस बनाए रखने से जुड़ा नियम बदलने वाला है। पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस 500 रुपये बनाए रखना होगा। ये नियम कल शुक्रवार से 11 दिसंबर से लागू हो जाएगा। अगर आप ऐसा नहीं करते तो 100 रुपये रोज का शुल्क काटा जाएगा और शेष राशि जीरो हो जाएगी, तो आपका खाता बंद हो जाएगा। इंडिया पोस्ट कई छोटी बचत योजनाएं ऑफर करती हैं। पोस्ट ऑफिस बैंकों की तुलना में बेहतर ब्याज दरें भी ग्राहकों को ऑफर करता है।

पेट्रोल और डीजल के दाम तीसरे दिन स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को लगातार तीसरे दिन स्थिर रहे। दोनों ईंधन के दाम लगातार छह दिन बढ़ने के बाद आठ दिसम्बर से स्थिर हैं।

दिसंबर में अब तक पेट्रोल और डीजल के दाम में छह बार बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर में पेट्रोल एक रुपए 37 पैसे और डीजल एक रुपए 45 पैसे महंगा हो चुका है। सोमवार को देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल 30 से 33 पैसे तक और डीजल 25 से 31 पैसे प्रति लीटर तक मंहगा हुआ है।

वाणिज्यिक नगरी मुंबई में डीजल 80 रुपये प्रति लीटर और पेट्रोल का दाम 90 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। दिल्ली में आज पेट्रोल 83.71 रुपये प्रति लीटर और डीजल 73.87 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया।

वाणिज्य नगरी मुंबई में पेट्रोल 90.34 रुपये और डीजल का दाम 80.51 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई भाव क्रमशः 86.51 और 79.21 रुपये प्रति लीटर हैं।

शॉन मार्श सलामी बल्लेबाज के रूप में विकल्प हो सकते हैं: बॉर्डर

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलेन बॉर्डर ने कहा कि 17 दिसंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए अनुभवी बल्लेबाज शॉन मॉर्श को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जा सकता हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर चोट के कारण एडिलेड में 17 दिसंबर से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं जबकि विल पुकोवस्की का अभ्यास मैच में सिर में लगी चोट के कारण खेलना संदिग्ध लग रहा है। बॉर्डर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज के विकल्प तौर पर मार्नस लाबुशेन और मार्कस हैरिस विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किए जा सकते हैं और चयनकर्ताओं 37 वर्षीय मार्श पर भी विचार कर सकते हैं, जिन्होंने शेफील्ड शील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया था। वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर के हवाले से लिखा, लाबुशेन को शीर्ष क्रम पर खिलाया जा सकता है।

भारत में आर्थिक भरपाई उम्मीद से बेहतर

नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने गुरुवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपने अनुमानों को संशोधित करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान आठ फीसद संकुचन देखने को मिल सकता है,

जबकि पहले इसके नौ फीसद रहने की बात कही गई थी। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) की अनुपूरक रिपोर्ट में कहा गया कि अर्थव्यवस्था सामान्य स्थिति की ओर लौट रही है और दूसरी तिमाही में संकुचन 7.5 फीसद रहा, जो उम्मीद से बेहतर है। कोरोना वायरस महामारी के चलते अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के दौरान 23.9 फीसद का संकुचन हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, ''वित्त वर्ष 2020 के लिए जीडीपी के अनुमानों को नौ फीसद संकुचन से बढ़ाकर आठ फीसद कर दिया गया है, और दूसरी छमाही में जीडीपी के एक साल पूर्व के समान रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए वृद्धि का अनुमान आठ फीसद पर यथावत है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में आर्थिक भरपाई उम्मीद से बेहतर है और इस कारण दक्षिण एशिया में संकुचन के अनुमान को 6.8 फीसद से संशोधित कर 6.1 फीसद कर दिया गया है।

अमर उपाध्याय ने कलर्स का शो मोलक्की की शूटिंग के दौरान फिटनेस के लिए हर दिन दो घंटे का समय निकाला

रायपुर। अपने व्यस्त कार्यक्रमों से, टेलीविजन पर अभिनेताओं को फिटनेस बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ता है एक मायने में यह दोधारी तलवार है। स्क्रीन पर अच्छा दिखने के लिए आपको कसरत करने की जरूरत है और आप शूटिंग से बच नहीं सकते हैं! अभिनेता अमर उपाध्याय कलर्स के नवीनतम लोकप्रिय शो मोलक्की में सरपंच वीरेंद्र प्रताप सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, और उनके पास पहले से फिटनेस है। अभिनेता ने कहा कि मुझे यकीन है कि हर दिन दो घंटे की लंबी कसरत होगी, इसलिए शूटिंग के कार्यक्रम में कितना भी व्यस्त क्यों न हो, किसी भी स्थिति में यह किया जाना चाहिए!

वर्कआउट के बारे में बात करते हुए अमर उपाध्याय ने कहा, ÷मैं अपनी फिटनेस के बारे में जानता हूं। अपने करियर के दौरान, मैंने अपने वर्कआउट के लिए समय बनाया है। चाहे मैं सेट पर हूं या घर पर, मैं हमेशा यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं अपनी फिटनेस को बनाए रखने के लिए कसरत करने से न चूकूं। एक अभिनेता के रूप में, हमारी वास्तविक मांसपेशियों की तुलना में मजबूत मांसपेशियों को विकसित करना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है!

मुकेश अंबानी टॉप-10 अमीरों की लिस्ट में फिर हुए शामिल

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी एक बार फिर अब दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन की टॉप-10 लिस्ट से एक बार फिर शामिल हो गए हैं। पिछले शनिवार को वह इस लिस्ट से बाहर होकर 12वें स्थान पर पहुंच गए थे। फोर्ब्स रियल टाइम बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक बुधवार सुबह तक मुकेश अंबानी 77.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 9वें स्थान पर थे। लिस्ट में सबसे ऊपर अमेजन के ओनर जेफ बेजोस 181.5 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ टॉप पर हैं। 10वें स्थान पर सर्गी ब्रिन हैं। आठवें पर लैरी पेज हैं। वॉरेन बफेट छठे और मार्क जुकरबर्ग चौथे स्थान पर हैं। अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस पहले स्थान पर काबिज हैं। दूसरे पर बर्नार्ड एंड फैमिली है। तीसरे पर एलन मस्क और चौथे स्थान बिलगेट्स काबिज हैं।

तैयारी

पहले टेस्ट की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ आज से अभ्यास मैच

गुलाबी गेंद से अभ्यास करने उतरेगा भारत

सिडनी (वार्ता)। भारतीय टीम 17 दिसम्बर से एडिलेड में गुलाबी गेंद से होने वाले दिन रात्रि के पहले टेस्ट की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुक्रवार से यहां दिन रात्रि के तीन दिवसीय अभ्यास मैच में उतरेगी। यह अभ्यास मैच गुलाबी गेंद से ही खेला जाएगा।

भारत को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर दिन रात्रि टेस्ट खेलना है। भारत ने पिछले साल कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान में बंगलादेश के खिलाफ अपना पहला दिन रात्रि टेस्ट खेला था और जीता था। ऑस्ट्रेलिया का गुलाबी गेंद से शानदार रिकॉर्ड रहा है और भारत को इस अभ्यास मैच से पहले टेस्ट के लिए अपनी तैयारी मजबूत करनी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में पहले तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जिसमें उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन भारत ने इसके बाद वापसी करते हुए तीन मैचों की टी-20 सीरीज 2-1 से जीतकर हिसाब बराबर कर लिया। जब भारत टी-20 सीरीज खेल रहा था तब भारत ए टीम का ऑस्ट्रेलिया ए के साथ तीन दिवसीय अभ्यास मैच चल रहा था था जो ड्रा रहा था।

टीम इंडिया अपने दूसरे अभ्यास मैच में उन खिलाड़ियों को परखेगी जिन्हें एडिलेड में पहले टेस्ट में खेलना है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कप्तान विराट कोहली इस अभ्यास मैच में खेलेंगे या नहीं। उपकप्तान अजिंक्या रहाणे ने पहले अभ्यास मैच में टीम की कप्तानी संभाली थी। विराट ने कहा, ÷इसमें खेलना या नहीं खेलना का फैसला मेरे हाथ में नहीं है और मैं पूरे मैच में खेलना पसंद करूंगा। मैं फिजियो से परामर्श करने के बाद ही इस मैच में खेलने को लेकर निर्णय लूंगा।

विराट के अभ्यास मैच में खेलने पर संशय बरकरार

सिडनी (वार्ता)। भारतीय कप्तान विराट कोहली के ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ11 दिसम्बर से सिडनी में होने वाले दूसरे अभ्यास मैच में खेलने पर संशय बरकरार है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 17 दिसंबर से एडिलड में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत होगी। उससे पहले भारतीय टीम शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफतीन दिनों का अभ्यास मैच गुलाबी गेंद से खेलेगी। इस मैच में कप्तान विराट के खेलने पर संशय बना हुआ है। विराट ने कहा, इसमें खेलना या नहीं खेलना का फैसला मेरे हाथ में नहीं है और मैं पूरे मैच में खेलना पसंद करूंगा। मैं अपने फिजियो से परामर्श करने के बाद ही इस मैच में खेलने को लेकर निर्णय लूंगा। विराट पहला टेस्ट खेलने के बाद अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण स्वदेश लौट जाएंगे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफटेस्ट सीरीज के अभ्यास के मद्देनजर पहला तीन दिवसीय मैच खेला है जो ड्रा रहा था।

पांड्या विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर टेस्ट टीम में शामिल नहीं हो सकते : विराट

सिडनी (वार्ता)। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि हार्दिक पांड्या को टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए अपनी गेंदबाजी पर ध्यान देना होगा और उन एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर टेस्ट टीम में शामिल नहीं किया जा सकता।

पांड्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को संपन्न हुई टी-20 सीरीज में मैन ऑफ द सीरीज बने थे। यहीं नहीं उसके पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई एकदिवसीय सीरीज में पांड्या ने टीम की ओर से सर्वाधिक 210 रन बनाए। लेकिन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली चार मैचों की टेस्ट सीरीज में जगह नहीं मिली है। कप्तान विराट ने कहा कि पांड्या टेस्ट टीम में बतौर ऑलराउंडर ही शामिल हो सकते हैं। विराट ने कहा, हालिया संपन्न हुई सीमित ओवरों की सीरीज में पांड्या ने बेहतरीन खेल दिखाया। लेकिन वह गेंदबाजी नहीं कर सकते और हमें पता है कि वह अभी गेंदबाजी नहीं करने वाले हैं। हम चाहते हैं कि वह गेंदबाजी करें ताकि उनको शामिल करने से टीम का संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा, पांड्या खुद गेंदबाजी विभाग में अपनी जगह बनाना चाहते हैं जिससे टेस्ट के लिए बतौर ऑलराउंडर शामिल हो सकें। पांच दिनों के खेल में आप किसी खिलाड़ी से थोड़ा अतिरिक्त चाहते हो। उन्हें इस बात का एहसास है और वह टीम में जगह बनाने के लिए कठिन मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि 2018 में चोटिल होने के बाद से 27 वर्षीय पांड्या ने गेंदबाजी लगभग कम कर दी है। उनकी पिछले साल पीठ की सर्जरी हुई थी। उन्होंने हालिया संपन्न हुई सीमित ओवरों की सीरीज में केवल चार ओवर ही गेंदबाजी की थी

सर्विस तार को व्यवस्थित करने विधायक को ज्ञापन सौंपा

नवागढ़। नवागढ़ नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के अनेक घरो के ऊपर से 11 केवी के विद्युत तारो को व्यवस्थित कराने के लिए संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे को एल्डरमैन विरेन्द्र जायसवाल व अमित जैन ने आवेदन दिया। आवेदन में उल्लेख किया गया कि विद्युत विभाग नवागढ़ द्वारा आज से 15-20 वर्ष पहले से 132केवी (11000 वाट) का सर्विस तार सघन बस्ति के कई घरो के उपर से गुजर रही है , जिसमें जानमाल को हानी होने का खतरा लगातार बना हुआ है । जो नगर के वार्ड क्र.12 के सिंचाई कालोनी सरस्वती शिशु मंदिर से होते हुए कई घरो के ऊपर से गुजर रहा है। मांग किया गया कि उक्त हाईवोल्ट के सर्विस तार जो सघन बस्ती से होकर गुजर रही है , उसे अन्यत्र (व्यवस्थापित) कराए । इस दौरान पुर्व नप उपाध्यक्ष सन्तोष देवांगन,नारायण निर्मलकर, सीमा यादव,कुंती जायसवाल,मनोज साहू व गोकुल महार जहित नगरवासी उपस्थित रहे।

उम्रकैद की सजा काट रहा हत्या का दोषी बन गया पंचायत सचिव

11 माह जेल में रहकर छूटा जमानत पर और संभाल लिया पद, सीईओ बोले- शिकायत मिली है, कर रहा हूं पड़ताल

■ उड़ेला और खजरी नवागांव का सचिव बन गया

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सजायाफ्ता हत्या का आरोपी पंचायत सचिव 11 महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आया। दान दक्षिणा देकर फिर से अपने पुराने सचिव पद पर काबिज हो गया है। फिलहाल मामले को भरसक दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शिकायत मिली है , सचिव की फाइल को मंगाकर जांच पड़ताल कर रहा हूं। आखिर आजीवन कारावास काट रहा दोषी दुबारा नौकरी पर कैसे काबिज हो गया है। जिला पंचायत सीईओ को एक शिकायत मिली है कि हत्या के दोष में आजीवन कारावास का आरोपी उड़ेला और खजरी नवागंव का सचिव बन गया है। ताज्जुब की बात है कि मामले की जानकारी जिला पंचायत के किसी भी बड़े अधिकारियों को नहीं है। यहां तक जिला पंचायत सीईओ भी इस मामले को लेकर अंजान है। सवाल उठता है कि आखिर हत्या का आरोपी सचिव अशोक कुमार मांडले को किसके दबाव में सचिव का कार्यभार दिया गया है।

शासन से छिपाई जानकारी

कोर्ट के फैसले के बाद घुटकू सचिव अशोक कुमार जेल गया। 11 महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आया। इसके बाद शासन को वस्तुस्थिति की सच्चाई को छिपाते हुए दुबारा नौकरी पर आ गया। इस दौरान उसने जमकर रूपए भी खर्च किए। वर्तमान में अशोक कुमार हत्या के अपराध में दोषसिद्ध के बावजूद उडेला और खजरी नवागांव में सचिव पद पर काम भी काम कर रहा है। यह जानते हुए भी कि सचिव पद सरकारी है। बावजूद इसके हत्या का आरोपी नौकरी पर है। यह जानते हुए भी यह छत्तीसगढ़ राज्य सिविल सेवा अधिनियम के खिलाफहै।

ये है मामला

जानकारी के अनुसार तुर्काडीह निवासी अशोक कुमार मांडले जिला सत्र न्यायालय से सामुहिक हत्या का आरोपी है। 11 महीने जेल में रहने के बाद अशोक कुमार जमानत पर बाहर आया। बताते चलें कि जेल जाने से पहले अशोक कुमार मांडले ग्राम पंचायत तुर्काडीह, निरतु और घुटकू का सचिव रह चुका है। एक पुराने मामले में अशोक कुमार गांव में हत्या के आरोप में जिला सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए जेल भेजा था। 24 अप्रैल 2018 में जिला सत्र न्यायालय ने अशोक कुमार मांडले को अपने निर्णय में आईपीसी की धारा 147, 148,302, 149 के तहत हत्या के अपराध में दोष सिद्ध पाया। अशोक कुमार मांडले को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा दिया। सजा सुनाते समय अशोक कुमार घुटकू का ग्राम सचिव सरकारी पद पर नौकरी कर रहा था।

> क्या कुछ प्रकरण है। इस बात की जानकारी उन्हें नहीं है। शिकायत हुई है । फाइल मंगवाया हूं। जांच करूंगा। इसके बाद उचित निर्णय भी लिया जाएगा।
>
> **गजेंद्र सिंह ठाकुर,** सीईओ, जिला पंचायत सीईओ

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अब आकार लेगा...

नया संसद भवन आधुनिक तकनीक से लैस होगा। इसमें सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगे होंगे। साथ ही भविष्य को ध्यान में रखते हुये लोकसभा और राज्यसभा कक्षों में सदस्यों के लिए सीटों की संख्या भी बढ़ाई जायेगी।

जिन्होंने दिया पक्का...

बताया जा रहा है कि कांग्रेस के कुछ ऐसे भी नेता है जो निगम मंडलों के नियुक्ति की रेस में थे, लेकिन दूसरी सूची में इन्हें शामिल नहीं किया गया है। सूत्रों की मानें तो ऐसे नेताओं को एडजस्ट करने के लिए तीसरी सूची जारी होगी। उल्लेखनीय है कि निगम मंडलों की नियुक्ति संबंधी पहली सूची जारी हुई थी, जिसमें 32 नाम थे। इस सूची पर किसी ने भी आपत्ति नहीं जताई थी। जबकि दूसरी सूची में 46 निगम मंडलों में नियुक्ति किए जाने की बात सामने आ रही है।

हो ना कोई अनहोनी, मुहूर्त देखकर होगी अब बोनी

स्टेशनरी दुकानों से किसान खरीद रहे पंचांग

भाटापारा। अच्छी फसल, अच्छा समय याने बोनी के लिए अब किसान भी पंचांग का सहारा लेने लगे हैं। यह शायद ऐसा पहला वर्ग है जिसकी पहुंच स्टेशनरी दुकानों को आश्चर्य में डाल रही है। किसानों की पहुंच के बाद श्री देव पंचांग की बिक्री सबसे ज्यादा बढ़ने की संभावना है। किसान जिस तरह पूछ-परख कर रहे हैं उससे यह मानकर चला जा रहा है कि पंचांग का बाजार अपना बीते साल का आंकड़ा पार कर सकता है।

पंचांग याने शुभ मुहूर्त, शुभ तिथि। यह सीधे-सीधे पंडितों और पुजारियों से जुड़ा हुआ है। शादी-ब्याह, भवन निर्माण, गृह प्रवेश, कारोबार की शुरुआत के अलावा हर उस काम में पंचांग से मदद मिलती है जो सफलता की ओर बढ़ता पहला कदम रखने में मदद करता है। वैसे तो पहले भी किसान बोनी के लिए इसके पन्ने पलटते रहे हैं लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच संकट का सामना कर रहा किसान पहली बार कुछ ज्यादा ही झुकाव दिखाता नजर आ रहा है और यही झुकाव उन्हें उन स्टेशनरी दुकानों तक पहुंचा रहा है जो ऐसे पंचांग बेच रही हैं।

> पंचांग के बाजार में श्री देव पंचांग अभी भी पहले स्थान पर है लेकिन पहली बार किसानों की जोरदार खरीदी कुछ आश्चर्य में डाल रही हैं। वैसे खरीदी तो यह वर्ग पहले भी करता रहा है लेकिन इस बार संख्या कुछ ज्यादा ही दिखाई दे रही है।
>
> **-बबलू श्रीवास,** संचालक, सुपर बुक डिपो भाटापारा

पहली बार किसान

कोरोना संक्रमण के चलते दौर के बीच अच्छे समय की आस दूसरे वर्ग की तरह किसानों में भी है। इंतजार है उस दिन का जब वे अच्छी फसल की कामना करते हुए खेतों में पहुंचेंगे लेकिन यह समय कब आएगा, जैसे सवाल के जवाब पंचांग के उन पन्नों में खोजे जा रहे हैं, जिनमें अच्छे समय आने की शुभ मुहूर्त की तारीखें लिखी होती हैं। काम शुरू करने के पहले बोनी के लिए अब शुभ दिन, शुभ समय देखे जा रहे हैं या पूछे जा रहे हैं उन पंडितों से, जो इस काम के लिए पंचांग देखा करते हैं। पंचांग बाजार पहली बार ऐसे किसानों की बढ़ती संख्या देखकर हैरान है क्योंकि यह इस बार अनुमान से कुछ ज्यादा ही हैं।

ये पहले से हैं मौजूद

मंदिर और देवालयों में अनिवार्य रूप से खरीदे जाने वाले पंचांग के लिए पंडितों और पुजारियों का वर्ग पहले की ही तरह इस बार भी अपनी मांग के साथ पहुंच चुका है। आधा दर्जन से ऊपर की संख्या में आने वाले पंचांगों में अपनी-अपनी पसंद और विश्वास के साथ इनकी बिक्री और खरीदी की जाने लगी है। जिस तरह इस बाजार में खरीददारों का नया वर्ग दिखाई दे रहा है, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार पंचांग, बिक्री का अपना पिछला आंकड़ा पार कर सकता है। राहत की बात यह है कि दूसरे कारोबार की तरह इसे बनाने वाली ईकाइयां संकट से बाहर ही हैं।

गनियारी में 13 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन

नवागढ़। छग शासन के संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने गनियारी में विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गांवो में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी गुढ़ियारी रायपुर में निर्मित भाड़ाक्रय योजना में से भवन/भूखंड क्र. जनता-795 में श्री धीरेन्द्र कुमार सरकार पिता स्व. श्री बेनी माधव सरकार आबंटित किया गया है। [illegible] ... प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 143/20-21
वार्ड का नाम- शंकर नगर -30

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर 30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ मकान 30/नया शंकर नगर से.1 जो कि निगम अभिलेख में श्री रूपेश भोजवानी s/o डा. के.एम. भोजवानी 2. सुनील भोजवानी s/o डा. के.एम. भोजवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सोनल भोजवानी पति स्व. श्री रूपेश भोजवानी 2. सुनील भोजवानी s/o डा. के.एम. भोजवानी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक — जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202012080800009
अ-2 वर्ष 2020-21
क्र. 411/अ.वि.द./प्रवा-2/2020
कवर्धा दिनांक 01/12/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवीण सिन्हा पिता गोविन्दराम सिन्हा साकिन कवर्धा द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कवर्धा ख.नं. 88/80 रकबा 0.011 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15/12/2020 के सायं पांच बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात की गई आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर, सील मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम विनय जैन पिता श्री दिनेश चन्द्र जैन अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम विनय कुमार जैन पिता श्री दिनेश चन्द्र जैन निवासी/ पता 110/D अरिहंत सेल आजाद मार्केट कृष्णा टाकीज मार्ग, रिसाली भिलाई 490006 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम विनय कुमार जैन पिता/ पति श्री दिनेश चन्द्र जैन से जाना पहचाना जाएं।

शपथकर्ता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पक्षकार का नाम- श्रीमती अर्चना वर्मा
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202011100400486

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अर्चना वर्मा पति श्री सुरेश नारायण वर्मा निवासी-सड़क 11, सेक्टर 09 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	845/27	0.020हे./ 3090 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अभिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड महासमुन्द
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

क्र. का.यं./परियोजना/सामा/निविदा/693 — महासमुंद, दिनांक 10.12.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड महासमुंद में कार्यालयीन कार्य संपादन हेतु 01 नं कम्प्यूटर टायपिस्ट एवं 01 नंबर कार्यालयीन भृत्य 01 वर्ष की अवधि हेतु बाह्य स्त्रोत से रखे जाने हेतु।

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्यालय का नाम	पद का नाम
1	का.यं./परियोजना/सामा./ निविदा/691 दिनांक 10.12.2020	कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग महासमुन्द	01 नं. कम्प्यूटर टायपिस्ट
2.	का.यं./परियोजना सामा./ निविदा/692 दिनांक 10.12.2020		01 नंबर कार्यालयीन भृत्य

- प्रत्येक निविदा पत्र का मूल्य रु. 200.00+12%GST जो दिनांक 30.12.2020 शाम 05.00 बजे तक विक्रय किया जावेगा।
- निविदा दिनांक 01.01.2021 से दोपहर 3.00 बजे तक जमा किया जा सकता है।
- दिनांक 01.01.2021 को दोपहर 4.00 बजे निविदा को खोला जावेगा।
- निविदा खोलने का दिनांक व समय आवश्यकता अनुसार EITC के Web site के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है।
- विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समयावधि/ दिवस पर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सही/-
कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. महासमुन्द

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202012080800008
अ-2 वर्ष 2020-21
क्र. 410/अ.वि.द./प्रवा-2/2020
कवर्धा दिनांक 01/12/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज सिन्हा पिता गोविन्दराम सिन्हा साकिन कवर्धा द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कवर्धा ख.नं. 88/79 रकबा 0.011 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15/12/2020 के सायं पांच बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात की गई आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर, सील मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202012080800010
अ-2 वर्ष 2020-21
क्र. 412/अ.वि.द./प्रवा-2/2020
कवर्धा दिनांक 01/12/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशनकुमार सिन्हा पिता गोविन्दराम सिन्हा साकिन कवर्धा द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कवर्धा ख.नं. 88/81 रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15/12/2020 के सायं पांच बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात की गई आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर, सील मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 146/20-21
वार्ड का नाम- मदर टेरेसा-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा 48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ मकान 48/बी 20 जो कि निगम अभिलेख में बम्लेश्वरी डेव्हलपर्स प्रा.लि. डाय. अमित कुमार s/o स्व. जग्गूमल कुकरेजा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री पुरूषोत्तम लाल अमित कुमार एच.यू.एफ कर्ता पुरूषोत्तम छुगानी s/o स्व. श्री नानूमल छुगानी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 10.12.20 — जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय-सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अधीरा मिश्रा पति स्व. मिथलेश कुमार मिश्रा, निवासी- औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा भवन क्रमांक एलआईजी-1191 औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी के देहांत उपरांत उनके वारिसानों श्री विष्णु मिश्रा आ. स्व. मिथलेश कुमार मिश्रा एवं श्री किष्णु मिश्रा आ. स्व. मिथलेश कुमार मिश्रा ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एलआईजी-1191, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) श्री विष्णु मिश्रा एवं श्री किष्णु मिश्रा के संयुक्त नाम पर इस शर्त पर नामांतरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. श्रीमती अधीरा मिश्रा के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है तो उसके लिए मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा। अतः श्री विष्णु मिश्रा एवं श्री किष्णु मिश्रा के संयुक्त नाम हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, रिश्तेदार, शासकीय अर्द्धशासकीय बैंक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/ अवधि समाप्त होने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 7/12/20 के जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी के आदेशानुसार
सील — सहायक संपदा प्रबंधक
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं RAKESH S/o RAMAYAN SINGH निवासी H. NO. 186 KH, WARD NO. 13, LAVKUSH NAGAR NEAR RELAINCE TOWER, JAMUL- DURG (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम RAKESH SINGH S/o RAMAYAN SINGH रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नए नाम RAKESH SINGH S/o RAMAYAN SINGH से ही जाना पहचाना जावें।

RAKESH SINGH
S/o RAMAYAN SINGH
H.No.186 KH.WARD No.13,
LAVKUSH NAGAR, NEAR
RELIANCE TOWER, JAMUL
DURG (C.G.) PIN-490024

IndusInd Bank
इंडसइंड बैंक लि. शॉप नं. 520 एवं 521
पांचवीं मंजिल, रवि भवन, रायपुर (छ.ग.) मो. 8827396330

आम नीलामी सूचना

इंडसइंड बैंक लिमिटेड सार्वजनिक नीलामी के द्वारा वाहनों (जिनके निर्माता कम्पनियों के नाम मॉडल एवं निर्माण वर्ष निम्नानुसार है) की नीलाम हेतु ''जैसा है जहां है'' के आधार पर'' आवेदन दिनांक 11/12/2020 अपरान्ह 2.30 से 5.30 बजे तक आमंत्रित करता है। वाहनों के आरक्षित मूल्य निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं।

1. Brand - SWARAJ 735 FE RX, YOM-2019 - REG NO CG17KT0741, Chassis MBNAK59ADKTG11880 Engine CJ.1353/SAG06826 RES AMOUNT 360000, Defaulter Name RITA
2. Brand - MAHINDRA 415 BP OIB PCM YOM REG NO NON CG17KT0886, Chassis MBNABAVGAKNA00467 Engine NKA4YBE0023 RES AMOUNT 360000, Defaulter Name MOSURAM
3. Brand - VST SHAKTI MT270 VIRAAT AGRIMASTER TOTA YOM 2019 - REG NO CG17KU3871, Chassis BFDTKB003282 Engine BFBEKB006151 RES AMOUNT 250000 Defaulter Name LITIRAM MANDAVI
4. Brand - MAHINDRA 275 NBP OIB OS LARGET TYRE BS3A, YOM 2019 - REG NO CG17KT6710, Chassis MBNABADABKNB00743 Engine NKB2DBE0171 RES AMOUNT 365000 Defaulter Name SHIVNATH MOURYA
5. Brand - SWARAJ 843 KX DCPS5405, YOM 2019 - REG NO ...., Chassis MBNAS45ABKTB3584 Engine RKK2KGA0691 RES AMOUNT 275000 Defaulter Name MADHAV NAG
6. Brand - EICHER 380DI 38 HP, YOM 2019 - REG NO CG06GR7821, Chassis 928313152909 Engine S325K35546 RES AMOUNT 400000 Defaulter Name SAHANI
7. Brand - ESCORTS FT-45 SC 13.6T, YOM 2017 - REG NO CG24J8746, Chassis T052386159LF Engine E2391748 RES AMOUNT 350000 Defaulter Name SHRAVAN KUMAR
8. Brand - ESCORTS FTCHAMPION XP44 44HP, YOM 2019 - REG NO CG19BL3614, Chassis T052479566GH Engine E2483838 RES AMOUNT 400000 Defaulter Name DIPA

उपरोक्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी छ.ग. के लिए इंडसइंड बैंक लि. शॉप नं. 520 एवं 521 पांचवीं मंजिल, रविभवन, रायपुर छ.ग. 492001 दिनांक 11/12/2020 अपरान्ह 2.30 से 5.30 बजे तक निम्नलिखित नियमों एवं शर्तों के तहत की जाएगी।
(1) प्रत्येक वाहनों का बयान राशि आरक्षित मूल्य का 10% निश्चित किया गया है।
(2) इच्छुक आवेदक एक से अधिक वाहनों के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो उन्हें प्रत्येक वाहन के लिए अलग-अलग बयाना राशि आरक्षित मूल्य का 10% डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा।
(3) आवेदन के साथ वाहनों की बयाना राशि का केवल डिमांड ड्राफ्ट। पे आर्डर ''इंडसइंड बैंक लि.'' के पक्ष में रायपुर पर देय संलग्न होना चाहिए अन्यता आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे और आवेदक की नीलामी नहीं की जावेगी।
(4) आरक्षित मूल्य से कम मूल्य में वाहनों की नीलामी नहीं की जावेगी।
(5) सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को बोली की रकम का 25% तत्काल जमा करना होगा एवं शेष रकम नीलामी तिथि से 10 दिनों के अंदर भुगतान करना होगा।
(6) अन्यता उनके पक्ष में हुई नीलामी को निरस्त करते हुए उनके द्वारा जमा की गई पूरी रकम को जब्त कर लिया जाएगा।
(7) सबसे ऊंची बोली लगाने वाले सहित किसी भी आवेदन को या पूरी नीलामी को अथवा किसी भी वाहनों की नीलामी को बिना कारण बताए निरस्त या अस्वीकृत करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट :- (1) प्रकाशन में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा, भौतिक निरीक्षण ही मान्य होगा। इच्छुक व्यक्ति नीलामी से पहले वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं।
(2) पैन कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करेंगे तथा मूल प्रति सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे।

उपरोक्त लिखित वाहन से संबंधित कोई भी जानकारी हेतु संपर्क करें। -
फोन नं. 8871238458, 8827396330, 9827956687, 9826427082, पूर्वान्ह से 6:00 अपरान्ह तक

स्थान - रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक 11/12/2020 — इंडसइंड बैंक लि. रायपुर छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

202011100700236/अ-06/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अवंतिका साहू पति विमल साहू निवासी ग्राम सेक्टर 1 भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 367/2 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता ईश्वरी साहू पति योगेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11/11/2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/12/2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/11/2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 27/11/2020
सुनवाई दिनांक 14/12/2020

सील — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 क्रमांक वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अजय साहू आ. टोपसिंह साहू साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 662/2 रकबा 0.02 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी त्रिपाठी आ. जे.पी. त्रिपाठी से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 21/12/2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

202011100700235/अ-06/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनिता मनीष सोनी निवासी ग्राम तालपुरी रूआबांधा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 241/36 रकबा 0.021 हे. भूमि को विक्रेता राजेश खरे पिता पी.एल. खरे निवासी ग्राम सांई मंदिर रोड डंगनिया रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14/11/2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/12/2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/11/2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 27/11/2020
सुनवाई दिनांक 14/12/2020

सील — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202012080800035
अ-2 वर्ष 2020-21
क्र. 403/अ.वि.द./प्रवा-2/2020
कवर्धा दिनांक 27/11/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेन्द्र ध्रुर्वे पिता सुदर्शन ध्रुर्वे साकिन भैंसबोड़ द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम भैंसबोड़ ख.नं. 94/7 रकबा 0.081 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/12/2020 के सायं पांच बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात की गई आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर, सील मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202012080800007
अ-2 वर्ष 2020-21
क्र. 409/अ.वि.द./प्रवा-2/2020
कवर्धा दिनांक 01/12/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल सिन्हा पिता गोविन्दराम सिन्हा साकिन कवर्धा द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कवर्धा ख.नं. 88/78 रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15/12/2020 के सायं पांच बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात की गई आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर, सील मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

अस्थिबाधित दिव्यांग हेमन्त को मिली मोटराइज्ड ट्राईसिकल

गरियाबंद। दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय योजनांतर्गत नगर पंचायत फिंगेश्वर के हेमन्त कुमार यादव को कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदाय किया गया। हेमन्त यादव अस्थिबाधित श्रेणी के दिव्यांग है तथा इनका दिव्यांगता का प्रतिशत 82 प्रतिशत है। इनके द्वारा मोटराईज्ड ट्रायसायकल हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक नरेन्द्र देवांगन ने बताया कि इनके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुये मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया। दिव्यांग हितग्राही को उपकरण मिलने से उनके चहरे पर प्रसन्नता दिखाई दी। उज्जल दिव्यांग संघ के अध्यक्ष जागेश्वर साहू एवं विभाग अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

मुहूर्त शुरू होते ही अंचल में बजने लगी शहनाई

खरोरा। वैवाहिक मुहूर्त शुरू होते ही शादी की शहनाई एवं ढोल की गूंज अब ग्रामीण क्षेत्रों में है। लॉकडाउन के दौरान पूरी तरह से क्षेत्र में सन्नाटा के बाद अब कहीं -कहीं कुछ बाजे-गाजे की आवाज आने लगी है। ज्ञात हो कि देवउठनी एकादशी पर्व से विवाह का मुहूर्त शुरू हो जाने से अब गांव गांव में शादी होने लगी है। कोरोना संकट एवं लॉकडाउन के चलते पुरे पिछले 10 माह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी कोरोना संकट बरकरार है इसे ध्यान में रखकर लोग शासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए शादी कर रहे हैं, जिसके चलते अब थोड़ा बाजार में भी चहल-पहल देखने को मिल रहा है।

असाइनमेंट जमा कराने के लिए पालक संपर्क अभियान

खरोरा। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में अध्ययनरत 10 तथा 12 वी के छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने तथा आवश्यक दस्तावेज जमा करने,असाइनमेंट जमा करने छात्र पालक संपर्क अभियान व्यापक रूप में दिनांक 7 दिसम्बर से 9 दिसंबर तक विभिन्न ग्रामों तिल्दा डीह, माठ, बुढेरा, केशला में चलाया गया।जिसमें विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज,हरीश देवांगन, व्याख्याता गण पुरषोत्तम देवांगन, डोमार यादव, महेंद्र साहू,संगीता नायक,रजनी त्रिपाठी, रीता रानी वर्मा,बृजेश्वरी महिलांगे, योगेंद्र त्रिपाठी, अमर बर्मन ने घर घर जाकर छात्रों व पालकों से मिलकर उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षा हेतु प्रोत्साहित किया।

छत्तीसगढ़ किसान महासभा बंगोली द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन

खरोरा। आज दिल्ली में आंदोलनरत किसान संगठनों के संयुक्त मोर्चा के भारत बंद का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ किसान महसभा द्वारा बंगोली(मुरा रोड)में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत किसान आंदोलनों के दौरान मृतक किसानों के साथ पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं बंगोली के पूर्व सरपंच भागवत प्रसाद नायक के आकस्मिक निधन पर दो मिनट की मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई और उनके परिवार के दुखों में सहभागिता प्रदर्शित की गई।धरना को छात्र संगठन आईसा(आल इंडिया स्टुडेंट्स एशोसिएशन)के राज्य संयोजक दीक्षित भीमगड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान आंदोलन के साथ एकजुटता जाहिर की। छत्तीसगढ़ किसान महासभा के संयोजक नरोत्तम शर्मा ने भारत बंद करने में पूरे छत्तीसगढ़ के सामाजिक, व्यापारिक, राजनीतिक संगठनों तथा किसानों-मजदूरों सहित सभी को धन्यवाद ग्यापित किया, उन्होंने नागरिकों से किसान आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया।

निधन

भगत राम सोनी

गरियाबंद। बसना ग्राम पंचायत आमापाली के वरिष्ठ समाजसेवी भगत राम सोनी का गत 1 दिसंबर 2020 को लंबे समय से अस्वस्थ होने के चलते देहावसान हो गया है। जिनका दशगात्र कार्यक्रम कल दिनांक 11 दिसंबर दिन शुक्रवार को गृह ग्राम आमापाली (बसना) में रखा गया है।

दाऊ भागवत सिंह नायक

खरोरा। ग्राम पंचायत बंगोली के पूर्व सरपंच दाऊ भागवत सिंह नायक का दुखद निधन 08 दिसंबर 2020 को हो गया ,वे चार बार बंगोली के सरपंच , कृषि उपज मंडी नेवरा एवम ग्रामीण कृषि शाख सहकारी समिति बंगोली के भी चार -चार बार संचालक मंडल के सदस्य रहे ,भारतीय जनता पार्टी संगठन के मंडल व जिला के विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। उनकी पार्थिव शरीर को उनके निवास से ग्राम पंचायत रंगमंच में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया तत्पश्चात रामधुनि के साथ, भागवत भैया अमर रहे जैसे नारों व जयघोष के साथ श्मशान तक ले जाया गया ,ग्रामवासियों ने पूजा,आरती एवम फूलमाला समर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

कृषि विभाग के कूप निर्माण में अनियमितता पाये जाने पर 48 लाख रूपये की होगी वसूली

■ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दिये निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वर्ष 2016-17 में कृषि विभाग द्वारा कूप निर्माण कार्य में अनियमितता पाये जाने पर मैनपुर विकासखंड के 24 ग्राम पंचायतों से 48 लाख 79 हजार 980 रूपये दस दिन के भीतर वसूलने के निर्देश दिये है। श्री वर्मा ने कहा है कि समयावधि में वसूली राशि जमा नहीं करने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। कूप निर्माण कार्य में यदि अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी की अनियमितता पायी गई है तो उनसे भी राशि वसूली जायेगी।

ज्ञात है कि छत्तीसगढ़ समाजिक अंकेक्षण इकाई द्वारा मैनपुर में आयोजित निकासी बैठक में कूप निर्माण कार्यो में अनिमियतता पायी गई थी, और राशि वसूलने हेतु अनुशंसा किया गया था। जिन कार्यो हेतु राशि वसूल की जानी है उनमें ग्राम पंचायत गोढियारी, कोकड़ी, अडगड़ी, गरहाडीह, सरईपानी, साल्हेभाठा, केकराजोर, मदांगमुड़ा, गौरगांव, भैसमुंडी, भूतबेड़ा, कुल्हाडीघाट, हरदीभाठा, गुरजीभाठा (अ), सगड़ा, गोना, जाडापदर, दबनई, मैनपुरकला, जिडार, बोइरगांव, गोपालपुर, डुमाघाट और सरनाबाहल के कूप निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा ग्राम पंचायत बिरीघाट में कुक्कुट आश्रय निर्माण कार्य में अनियमितता पाये जाने पर 15 हजार रूपये वसूली के निर्देश परियोजना प्रबंधक सह उपसंचालक कृषि विभाग को दिया गया है।

गरियाबंद पुलिस को अतरमरा में हुए गोलीकांड के आरोपी को पकड़ने में मिली सफलता

कुख्यात आरोपी चिन्ना पांडे को नागपुर से किया गया गिरफ्तार

■ कुख्यात आरोपी चिन्ना पांडे को गरियाबंद पुलिस ने नागपुर से किया गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरियाबंद पुलिस ने मोस्ट वांटेड अपराधी चिन्ना पांडे को नागपुर से गिरफ्तार किया है, चिन्ना पाण्डेय नाम के व्यक्ति द्वारा अतरमरा में शादी के दौरान गोलीकांड को अंजाम दिया गया था, आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था, पांडुका पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमामला दर्ज आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी, पुलिस ने मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने गोलीकांड का खुलासा किया है, उन्होंने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी को नागपुर से गिरफ्तार किया गया है, आरोपी गोलीकांड की घटना के बाद से फरार चल रहा था, गरियाबंद पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में लगी हुई थी, इसी बीच आरोपी के नागपुर में होने की सूचना प्राप्त हुई जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, गोलीकांड का मुख्य आरोपी चिन्ना पांडे है, जबकि दो उसके सहयोगी है, दोनो ने उसे छुपाने और आर्थिक रूप से मदद की है पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने गोलीकांड में उपयोग की गुई पिस्टल को बिलासपुर से बरामद कर लिया है, इसके अलावा दो वाहन और 30 हजार नगदी भी बरामद की गयी है, आरोपी चिन्ना पांडे कोरबा की पुरानी बस्ती ब्राम्हण पारा का निवासी है जबकि उसका सहयोगी ताराचंद सरायपाली के लोहारीडिपा और दूसरा सहयोगी मनीष यादव सागरपाली का निवासी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी चिन्ना पांडे कुख्यात अपराधी है, उसके खिलाफ प्रदेश के विभिन्न थानों में 21 प्रकरण दर्ज है, आरोपी पर एक पुलिसकर्मी की हत्या का भी आरोप है।

क्या था पूरा मामला

पुलिस जानकारी के अनुसार आरोपी चिन्ना पांडे अतरमरा के एक शादी समारोह में शामिल होने पहुँचा था, यहां उनका सामना सन्नी शर्मा से हुआ, सन्नी से उनकी पुरानी रंजिश थी सन्नी को देखकर वह तैश में आ गया और बगल में रखी पिस्टल निकालकर सन्नी पर तान दी गोलीकांड में सन्नी को सीने में एक गोली लगी जिससे वह जख्मी हो गया वारदात के समय शादी परिवार के सदस्य बारात में जा चुके थे, गिने चुने लोग ही घर मे मौजूद थे, आरोपी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया था, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में जुटी हुई थी, गोलीकांड के 10 दिन बाद पुलिस ने आरोपी को घर दबोचा है।

पैजनी मे प्रगतिशील सतनामी समाज संगठन का किया गया विस्तार

लवन। 9 दिसंबर को ग्राम पैंजनी में बनवारी बार्वे सचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की मुख्य अतिथि मे बैठक रखा गया। जिसमें समाज को संगठित रहने, शिक्षा एवं अन्य मुद्दा पर चर्चा - परिचर्चा होने के पश्चात प्रगतिशील छत्तीसगढ़ समाज पैजनी का विस्तार किया गया। सिनीयर से संरक्षक मदन गोपाल गायकवाड़, कांशीराम भारद्वाज, चंद्राजी मधुकर, पुनूराम भारद्वाज, जगमोहन बंजारे, घनाराम बंजारे, गंगाप्रसाद बंजारे, भुनेश्वर भारती, संतराम मॉँडले, समेलाल मधुकर, अध्यक्ष जागराम बंजारे, उपाध्यक्ष गोपाल भारद्वाज, सचिव फजूराम भारद्वाज, सहसचिव ओमनसिंह गायकवाड़, कोषाध्यक्ष ललित भारद्वाज, साँस्कृति प्रभारी दयाराम रात्रे, केवल भारती, सोशल मीडिया प्रभारी पन्नालाल बंजारे, कुलेश गायकवाड़, महासचिव भीमराम बंजारे एव युवा से अध्यक्ष अरुण भारती, उपाध्यक्ष रमेश जागडे, सचिव बीरसिंग, सहसचिव गनेश बंजारे, कोषाध्यक्ष योगेश भारती, महासचिव राजेश टडन, सोशल मीडिया प्रभारी विजय टडन, अनिल टडन कार्यकारिणी सदस्य टिकेश बंजारे, बृजलाल मधुकर, परमेश्वर माडले, खगेश भारद्वाज, चम्मन जागडे, लक्षमन भारद्वाज, ओमप्रकाश, राकेश, नरेन्द्र, शिवा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। बैठक मे बनवारी बार्वे सचिव प्रगतिशील छतीसगढ़ सतनामी समाज लवन ब्लॉक, मनेजर डहरिया उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, घनश्याम कठोत्रे संगठन सचिव, दिनेश चेलक साँस्कृति प्रभारी संतोष कुर्रे, नरेन्द्र डहरिया जिला सहसचिव युवा, महेन्द्र डहरिया कोषाध्यक्ष युवा ब्लाक लवन, भुनेश्वकर रात्रे, भोला जागडे,संचालन ओमप्रकाश गायकवाड़ ब्लाक सहसचिव लवन, आभार अरुण भारती ने किया इस बैठक मे समाज के वरिष्ठ युवा महिला की उपस्थिति में नियुक्ति किया गया।

दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले आरोपित गिरफ्तार

बेमेतरा। विगत दिनो थाना दाढी क्षेत्र में 22 वर्षीय मृतिका की मृत्यु फांसी लगाकर आत्म हत्या करने के मामले में थाना दाढी जिला बेमेतरा में मर्ग क्रमांक 31/2020 धारा 174 जाफौ. कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग शव पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम कराया गया। डॉक्टर साहब द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु फासी लगाकर आत्म हत्या करना लेख किये है, मृतिका के मायके पक्ष के माता पिता एवं अन्य रिश्तेदारों से पुछताछ किया गया, जांच पर पाया कि मृतिका का विवाह डेढ वर्ष पूर्व हुआ है जो नवविवाहिता है जो मृतिका अपने पति नुनकरण एवं सास, ससुर के द्वारा दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित होकर फांसी लगाकर आत्म हत्या करना पाया गया। विवेचना के दौरान आरोपी नूनकरण ऊर्फकरण साहू उम्र 27 साल, हीरामन साहू उम्र 51 साल, श्रीमति परनिया बाई साहू उम्र 49 साल सभी साकिनान बंधी थाना दाढी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 304 (बी), 498 (ए), 201, 34 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने एवं उक्त आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 9.12.2020 को न्यायालय बेमेतरा में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस के मार्गदर्शन में एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी दाढी उप. निरीक्षक ढालसिंह, सउनि भनुप्रताप पटेल, आरक्षक विजय लहरे, ओंकार निर्मलकर, महिला आर. बालमति एवं अन्य स्टाफ द्वारा प्रशंसनीय कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

मुख्यमंत्री 15 को कुर्मी समाज के कार्यक्रम में सकरी भैसा आएंगे

भाटापारा। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज का वार्षिक राज अधिवेशन 15 दिसम्बर मंगलवार को ग्राम सकरी(भैसा) में होगा इस सामाजिक कायय्रक्रम में छ.ग.मनवा कुर्मी समाज के मुख्य संरक्षक भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हो होगा।कार्यक्रम के संयोजक अर्जुनी राज के राजप्रधान भुनेश्वर वर्मा ने स्वजातीय जनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी सचिव अरुण वर्मा ने दी।

कबीरधाम पुलिस के अंजोर रथ से 11 बच्चों के जीवन में आया उजाला

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से दिनांक 29/11/2020 को अंजोर रथ को हरी झण्डी दिखाकर जिले के आम नागरिकों को अपराधिक गतिविधियों से जागरूक करने रवाना किया गया। अंजोर रथ के माध्यम से बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, नशावृत्ति एंव बाल अपराधों के रोकथाम हेतु विशेष जन जागरूकता अभियान का शुरुआत किया गया था जिसके द्वारा दिनांक 09/12/2020 तक शहर के 27 वार्डो के सभी मोहल्लों में भ्रमण किया गया है। जिसमें कैलाश नगर, रामनगर, आदर्श नगर, राजमहल चौक, मठपारा, ट्रांसपोर्ट नगर, मिनीमाता चौक, नवीन बाजार, अटल आवास, गंगानगर, दर्री पारा, बस स्टैंड, देवार पारा, पैठुपारा जैसे मोहल्लों में अंजोर रथ के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 400 बच्चों, 350 वयस्कों, 120 बुजुर्गो एंव 35 दिव्यांगों कुल 905 लोगों को जागरूक किया गया। जिसका असर भी सामने आया है, शहरी क्षेत्र में संरक्षण के जरूरतमंद 11 बच्चे मिलें जिसमें 08 बाल श्रमिक बच्चे, 02 गंभीर कुपोषित बच्चे एंव 01 नशा से पीड़ित बच्चा चिन्हित किया गया है। जिसे चाईल्ड लाईन टीम द्वारा बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत कर पुनर्वास का कार्य किया जावेगा। अंजोर रथ जागरूकता अभियान में कबीरधाम पुलिस पुलिस एंव चाईल्ड लाईन कबीरधाम की संयुक्त टीम का सराहनीय योगदान रहा।

मंत्री मोहम्मद अकबर ने किया धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

कवर्धा(नवप्रदेश)। वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज 09 दिसंबर 2020 को कवर्धा प्रवास के दौरान ग्राम धरमपुरा में शासकीय भूमि पर निर्माण को लेकर निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम धरमपुरा में .षकों के धान खरीदी हेतु बनाये गये शासकीय धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर वहां के ग्रामीणों से मुलाकात किये। .षकों से धान खरीदी को लेकर होने वाले परेशानियों को लेकर चर्चा किये। किसानों ने धान खरीदी सुचारू रूप से संपन्न होने की बात कही। मंत्री मोहम्मद अकबर ने धान खरीदी केन्द्र प्रबंधक ने जानकारी में बताया किं आज दिनांक तक 7 हजार क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है साथ ही मंत्री जी ने खरीदी केन्द्र के रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होनें उपस्थित अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी केन्द्र में .षकों को किसी तरह का परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल रखे तथा धान खरीदी के उचित प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश दिये।

कार का चक्का लगी सायकल भाटापारा की सड़क पर

भाटापारा। आप ने कभी सोचा भी नही होगा की कार के चक्के से चलने वाली सायकल भी देखने को मिलेगी,,,लेकिन नगर में यह सायकल कोतूहल का विषय बनी हुई है और हर कोई एक बार इस सायकल पर बैठ कर सायकल चलाने को लालायित नजर आ रहा है।

शहर में कार के चक्के लगी सायकल मार्निग वाक जाने वालो के लिए कोतूहल का विषय बनी हुई है। इस सायकल का निर्माण करने वाले श्याम फेब्रिकेशन के राजेश शर्मा बालाजी इस समय पूरा समय लोगो को इस सायकल की जिज्ञासा को दूर करते रहते है। सायकल का निर्माण को लेकर तरह तरह के सवालो के जवाबो के बीच हर वर्ग का व्यक्ति इस कार के चक्के वाली इस सायकल पर बैठ कर सायकल की यात्रा पर आनन्दित महसूस कर रहा है उनको इस सायकल के चलाने में जो आनन्द की अनुभूति नजर आ रही है वो उनके चेहरे पर आई मुस्कान को देखते ही बन रही है। कार के चक्के से चलने वाली इस सायकल का निर्माण करने वाले राजेश शर्मा बालाजी को विश्वास है की यह सायकल संभवत पुरे छत्तीसगढ की पहली सायकल होगी जिसमे कार के चक्के लगे होंगे।

सायकल की एक झलक सोशल मिडिया में आने के बाद इस सायकल पर बैठकर एक राउंड की यात्रा करने को लोगो आतुर नजर आ रहे है तो वही इसकी कीमत को लेकर भी उतावले नजर आ रहे है की ऐसी सायकल की कीमत आखिर क्या हो सकती है ?

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.पंजी. 20201208220015
रा.प्र.क्र. 3001 अ-20(1) वर्ष 79-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता आ. विश्वनाथ गुप्ता साकिन कवर्धा ने नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 18 भूखण्ड क्रं. 30 कुल क्षेत्रफल 2140.00 वर्गमीटर जो नजूल अभिलेख में (जांच रजिस्टर 1974-75) में याकूब खान आ. हाजी जी जालियावाला के नाम पर दर्ज है को धारक याकूब खान आ. हाजी जी जालियावाला द्वारा उक्त भूखण्ड में से 44.88 वर्गमीटर को पंजीबद्ध बयनामा दिनांक 18.10.2013 के द्वारा आवेदक लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता आ. विश्वनाथ गुप्ता साकिन कवर्धा के पास बिक्री किए जाने के कारण क्रय हक से निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई 23/12/2020 को नियत की गई है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा पेश करना है, तो स्वयं या वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से नियत तिथि के पूर्व कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/12/2020
पेशी दिनांक 23/12/2020
सील — नजूल जांच अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.पंजी. 20201208220015
रा.प्र.क्र. 3001 अ-20(1) वर्ष 79-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार आ. पुरूषोत्तम साहू साकिन कवर्धा ने नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 18 भूखण्ड क्रं. 30 कुल क्षेत्रफल 2140.00 वर्गमीटर जो नजूल अभिलेख में (जांच रजिस्टर 1974-75) में याकूब खान आ. हाजी जी जालियावाला के नाम पर दर्ज है को धारक याकूब खान आ. हाजी नूर मोहम्मद द्वारा उक्त भूखण्ड में से 72.24 वर्गमीटर को पंजीबद्ध बयनामा दिनांक 31.03.1993 के द्वारा आवेदक अशोक कुमार आ. पुरूषोत्तम साहू साकिन कवर्धा के पास बिक्री किए जाने के कारण क्रय हक से निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2020 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं।

अतः आज दिनांक 08/12/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/12/2020
पेशी दिनांक 23/12/2020
सील — नजूल जांच अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.पंजी. 20201208220015
रा.प्र.क्र. 3001 अ-20(1) वर्ष 79-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रेमा साहू आ. पुरूषोत्तम साहू, कमल साहू आ. पुरूषोत्तम साहू साकिन कवर्धा ने नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 18 भूखण्ड क्रं. 30 कुल क्षेत्रफल 2140.00 वर्गमीटर जो नजूल अभिलेख में (जांच रजिस्टर 1974-75) में याकूब खान आ. हाजी जी जालियावाला के नाम पर दर्ज है को धारक मो. याकुब खान आ. हाजी नूर मोहम्मद खान द्वारा उक्त भूखण्ड में से 41.56 वर्गमीटर को पंजीबद्ध बयनामा दिनांक 28.05.1999 के द्वारा आवेदिका प्रेमा साहू आ. पुरूषोत्तम साहू, कमल साहू आ. पुरूषोत्तम साहू साकिन कवर्धा के पास बिक्री किए जाने के कारण क्रय हक से निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2020 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 08/12/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/12/2020
पेशी दिनांक 23/12/2020
सील — नजूल जांच अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.पंजी. 20201208220015
रा.प्र.क्र. 3001 अ-20(1) वर्ष 79-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार आ. पुरूषोत्तम साहू साकिन कवर्धा ने नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 18 भूखण्ड क्रं. 30 कुल क्षेत्रफल 2140.00 वर्गमीटर जो नजूल अभिलेख में (जांच रजिस्टर 1974-75) में याकूब खान आ. हाजी जी जालियावाला के नाम पर दर्ज है को धारक सोमनाथ साहू आ. दशरू साहू द्वारा उक्त भूखण्ड में से 10.50 वर्गमीटर को पंजीबद्ध बयनामा दिनांक 30.10.2007 के द्वारा आवेदक अशोक कुमार आ. पुरूषोत्तम साहू साकिन कवर्धा के पास बिक्री किए जाने के कारण क्रय हक से निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 23/12/2020 को नियत की गई है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा पेश करना है, तो स्वयं या वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से नियत तिथि के पूर्व कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/12/2020
पेशी दिनांक 23/12/2020
सील — नजूल जांच अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.पंजी. 20201208220015
रा.प्र.क्र. 3001 अ-20(1) वर्ष 79-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. गुलबसर आ. मोइनुद्दीन खां साकिन कवर्धा ने नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 18 भूखण्ड क्रं. 30 कुल क्षेत्रफल 2140.00 वर्गमीटर जो नजूल अभिलेख में (जांच रजिस्टर 1974-75) में याकूब खान आ. हाजी जी जालियावाला के नाम पर दर्ज है को धारक गुलाम खान आ. रफीक खान द्वारा उक्त भूखण्ड में से 43.01 वर्गमीटर को पंजीबद्ध बयनामा दिनांक 14.08.1995 के द्वारा आवेदक मो. गुलबसर आ. मोइनुद्दीन खां साकिन कवर्धा के पास बिक्री किए जाने के कारण क्रय हक से निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की उजर दावा अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2020 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं।

अतः आज दिनांक 08/12/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/12/2020
पेशी दिनांक 23/12/2020
सील — नजूल जांच अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.पंजी. 20201208220015
रा.प्र.क्र. 3001 अ-20(1) वर्ष 79-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. गुलबसर आ. मोइनुद्दीन खां साकिन कवर्धा ने नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 18 भूखण्ड क्रं. 30 कुल क्षेत्रफल 2140.00 वर्गमीटर जो नजूल अभिलेख में (जांच रजिस्टर 1974-75) में याकूब खान आ. हाजी जी जालियावाला के नाम पर दर्ज है को धारक याकुब खान आ. हाजी नूर मोहम्मद खान द्वारा उक्त भूखण्ड में से 38.94 वर्गमीटर को पंजीबद्ध बयनामा दिनांक 14.06.1993 के द्वारा मोइनुद्दीन आ. नादर बक्त साकिन कवर्धा के पास बिक्री किए जाने तथा क्रेता मोइनुद्दीन की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक. मो. गुलबसर आ. मोइनुद्दीन खां साकिन कवर्धा क्रय/विरासतन हक से निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की उजर दावा अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2020 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 08/12/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/12/2020
पेशी दिनांक 23/12/2020
सील — नजूल जांच अधिकारी कबीरधाम

अमर शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान युगों-युगों तक किया जाएगा याद: सीएम

■ **मुख्यमंत्री ने शहादत दिवस पर शहीद वीर नारायण सिंह को किया नमन**

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस के मौके पर उनके जन्मभूमि एवं कर्मभूमि सोनाखान के स्मृति स्थल में आकर उन्हे नमन करतें हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है। श्री बघेल ने इस दौरान शहीद वीर नारायण सिंह के स्मृति में बनें संग्रहालय का अवलोकन किया। इस दौरान श्री बघेल ने कहा है कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा।

श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने सन् 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति का की भावना का संचार किया। सन् 1856 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। शहीद वीर नारायण सिंह के देश की आजादी तथा मातृभूमि के प्रति समर्पण, बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिता भेड़िया,स्कूली शिक्षा एवं आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बिलाईगढ़ विधायक चन्द्रदेव प्रसाद राय,कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेन्द्र दीवान सहित जनप्रतिनिधी गण एवं आदिवासी समाज के प्रतिनिधी गण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों से मुलाकात की

भाटापारा। मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल ने आज यहां बलौदाबाजार जिले में शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर उनकी जन्मस्थली सोनाखान पहुंच कर उनके वंशजों के घर में मुलाकात कर बातचीत की। श्री बघेल ने उनके वंशज श्री राजेन्द्र सिंह दीवान, श्री नरेन्द्र सिंह दीवान, कीर्ति कुंवर दीवान, जीराबाई सहित अन्य वंशजों से मिलकर परिवार के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उन्हें मिलने वाली पेंशन की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह के वंषजों के जमीन के संबंध में कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देष दिए। उनके वंशजों के घर पर वीर नारायण सिंह की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मुख्यमंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर षिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.षिवकुमार डहरिया,खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

जल, जंगल, जमीन को सुरक्षित रखना ही वीर नारायण सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि : नंद कुमार

देवभोग। बहुजनो के नायक एवं मौजूदा मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल आज पहली बार वीरनारायण शहीद दिवस के कार्यक्रम में शिरकत होने पहुंचे बघेल के देवभोग पहुंचते ही सामाजिक लोगों के अलावा अलग-अलग संगठन के पदाधिकारियों ने जोरदार आतिशबाजी फूल माला के साथ स्वागत किया तत्पश्चात शहीद वीर नारायण प्रतिमा स्थल में जाकर परंपरागत पूजा अर्चना करते हुए समाज के सैकड़ों महिला पुरुष के साथ मार्क्स और सोशल डिस्टेंस का पालन कर रैली निकाला इस बीच डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं वीरनारायण का नारेबाजी भी किया गया एवं रैली के बाद वापस लौट कर नंद कुमार बघेल एसटी एससी ओबीसी संयुक्त कार्यक्रम में शामिल होकर माझीपारा स्थित आदिवासी समाज मैं आदिवासी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मूल निवासियों को छत्तीसगढ़ के प्रथम क्रांतिकारी अंग्रेजों की गुलामी को अस्वीकार कर हंसते हंसते मौत को गले लगाने वाले वीर नारायण के बताए तमाम मार्गदर्शन पर चलने की जरूरत है। उन्होंने हमेशा एकजुट होकर आगे बढ़ने का मार्ग अपनाया तभी कईयों हद तक अंग्रेजों से लोहा लेने में कामयाब रहे। इसलिए सबको एक होकर जल जंगल जमीन को सुरक्षित रखने का काम करना चाहिए । ताकि आने वाले पीढ़ी भी बखूबी जिम्मेदारी निभाए और यह तब मुमकिन है। जब मूलनिवासी अपना हक और अधिकार जाने इसके साथ पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने भी सामाजिक लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 500 लोगों की एक समूह बनाकर लगातार अंग्रेजों से लोहा लेने वाले वीर नारायण सिंह अंग्रेज के हाथ कभी नहीं लगते थे लेकिन आसपास की गरीब जनता पर अन्याय अत्याचार अंग्रेजों द्वारा अत्याधिक करने के चलते उन्हें अपने आप को अंग्रेजों के हवाले करना पड़ा मतलब आज भी वीर नारायण सिंह सीख को अपने बेटे बेटियों को देने की जरूरत है। ताकि पढ़ लिख कर गरीब लोगों के साथ न्याय किया जाए यही वजह है कि लगातार इसके लिए तरह-तरह कि संगठन इतिहास बताने का काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान एसटी एससी मोर्चा के संयुक्त अध्यक्ष धनसिंह मरकाम अरुण सोनवानी वेणू डोंगरे उमेश डोंगरे हेमराज माझी नासिर खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता की 13 वीं कड़ी का प्रसारण

कवर्धा(नवप्रदेश) मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 13 वीं कड़ी का प्रसारण 13 दिसंबर, रविवार को होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'छत्तीसगढ़ सरकार दो वर्ष का कार्यकाल' विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

एक सप्ताह में जिले में किसानों से 4 लाख 75 हजार क्विंटल धान की खरीदी

गरियाबंद। राज्य शासन द्वारा 01 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। जिले के 76 धान खरीदी केन्द्रो में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी सुचारू रूप से जारी है। जिले में धान खरीदी के पहले सप्ताह 09 दिसम्बर तक कुल 13 हजार 249 किसानों से 89 करोड़ 09 लाख 2 हजार 398 रूपये के 4 लाख 75 हजार 252 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसमें से किसानों को 67 करोड़ 18 लाख 42 हजार 534 रूपये शुद्ध भुगतान किया गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीदे गये धान में 1 लाख 67 हजार 374 क्विंटल मोटा धान, 01 लाख 56 हजार 508 क्विंटल पतला धान तथा 01 लाख 51 हजार 369 क्विंटल सरना धान शामिल है। सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सहित सभी नोडल अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। कलेक्टर ने सभी पंजीकृत किसानों को आश्वस्त किया है कि समय सीमा में सभी किसानों का धान खरीदा जायेगा। जिले के उपार्जन केन्द्रों में सॉफ्टवेयर एवं टोकन की सुदृढ़ व्यवस्था की गई है। सीमांत एवं लघु किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने तथा आसानी से टोकन प्रदान करने पंजीकृत किसानों को तीन श्रेणीयों में विभक्तकर टोकन प्रदाय किया जा रहा है।

छ. ग राज्य ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों ने लोगो को बांटे मास्क

लवन। लवन के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा बुधवार को लोगों को मास्क का वितरण किया गया। इस दौरान बैंक के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार गौडा, युगल किशोर सेन, योगेश साहू, मोहन मानिकपुरी, शंकर साहू, पकलु देवदास, मिलन साहू उपस्थित थे

हाथी ने फिर ली महिला की जान, अन्य ने भागकर बचाया खुद को

एक सप्ताह में दूसरी मौत,हाथी की निगरानी में वन अमला असफल

कोरबा। पसान रेंज में लोनर हाथी ने आज फिर एक ग्रामीण महिला पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। जबकि एक अन्य महिला ने भागकर जान बचाई। इस प्रयास में उसका हाथ फ्रेक्चर हो गया है। दोनों महिला अपने खलिहान में धान की रखवाली करने के लिए सोयी हुई थी। तभी लोनर अचानक रात में पहुंचा और उसे सूंड से उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। वन विभाग की ओर से मृतका के परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार उपलब्ध करा दी गई है।

200 से अधिक गांव प्रभावितहाथी के हमले की यह घटना बुधवार की रात कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पसान रेंज में घटित हुई। बताया गया कि वन परिक्षेत्र पसान के पंचायत अरसरा के आश्रित ग्राम घाघरा निवासी बुधनी बाई पति मानसाय पंडो 50 वर्ष गांव के बाहर स्थित अपने खलिहान में धान की रखवाली करने के लिए गत रात्रि सोयी हुई थी। तभी तडके च4 बजे लोनर हाथी अचानक पहुंचा। लोनर की चिंघाड़ व उसके पैरों की आहट सुनकर महिला जागकर भागने की कोशिश कर रही थी तभी दंतैल हाथी ने उसे अपने निशाने पर ले लिया और सूंड में लपेटकर उठाकर पटक दिया। विशालकाय जानवर द्वारा पटके जाने से महिला के प्राण पखेरू उड़ गए। इसकी जानकारी आज सुबह तब लगी जब उसके परिजन खलिहान पहुंचे तो महिला मृत पड़ी थी तथा लोनर हाथी आसपास घूम रहा था। इसकी तत्काल सूचना वन विभाग के बिटगार्ड को दी गई। बिट गार्ड ने रेंजर निश्चल शुक्ला को अवगत कराया।

यह कोई पहली घटना नहीं है, जिसमें हाथियों के हमले में किसी की जान न गई हो, कटघोरा वन मंडल में लगातार हाथियों के हिंसक हमले का शिकार यहां के ग्रामीण हो रहे हैं, हाथियों की दहसत से जिले के दोनों वन मंडलों के करीब 200 गांव से अधिक के ग्रामीण समस्या से जूझ रहे हैं!

पसान रेंज में एक अरसे से हाथियों की चहल-कदमी देखी जा रही है। सोमवार को भी रात के समय तनेरा सर्किल अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदेवा के आश्रित ग्राम बर्रा में दो दंतैल हाथियों के आने की दस्तक हुई। आबादी के पास आ जाने की दहशत से पूरा क्षेत्र भयभीत है। इनमें से एक दंतैल का सामना गांव के बुजुर्ग घासीराम पिता पंचम सिंह से सामना हो गया। यह बुजुर्ग खेती-किसानी कर अपना परिवार चलाकर गुजर बसर कर रहा था। घटना से पहले भी वह दिन-भर अपने मवेशियों को जंगल से चरा कर गौठान लौटा था।

रतजगा कर रहे हैं ग्रामीण

पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले पसान रेंज, केँदइ रेंज, सहित एतमा नगर रेंज, के लगभग 50 गांव के ग्रामीण हाथी से प्रभावित हुए हैं वर्तमान में पसान के तनेरा जल्के सर्किल क्षेत्र में ग्रामीण शासकीय भवनों में रतजगा कर डर में जिंदगी जीने को मजबूर हैं, हाथियों के आतंक से पहुंच गांव में रहने वाले लोगों को कभी अपने खेतों, कभी मकानों तो कभी अपने बच्चों की चिंता हर क्षण सताती रहती है,

हिरवां लेने जा रही थी खेत

घर में अकेले ही रह रही बंधानों अपने खेत में लगे हिरवा लेने जा रही थी। अचानक एक लोनर हाथी वहां आ पहुंचा और बंधानों को सूंड से उठाकर पटक दिया। अधिकारियों का कहना है कि दोपहर तक वह बात भी कर रही थी, पर संभवतः अंदरूनी चोट लगने से गंभीर बंधानों की दोपहर करीब तीन बजे मौत हो गई। डीएफओ गुरूनाथन एने ने बताया कि घायल अवस्था में वन विभाग की ओर से पांच सौ रुपये की तात्कालिक सहायता उपचार के लिए दी गई थी। मृत्यु उपरांत परिजनों को मुआवजा प्रदाने प्रकरण तैयार किया जा रहा।

पसान क्षेत्र में घूम रहे 42 हाथियों के झुंड के ही सदस्य

कटघोरा वनमंडल के पसान, केंदई, ऐतमानगर परिक्षेत्रों में पिछले एक साल से हाथियों का एक बड़ा झुंड डेरा जमाए हुआ है। पूर्व में यह झुंड 45 सदस्यों का था, जिसमें बच्चों की मौत होने के बाद संख्या 42 रह गई। कुछ सप्ताह पहले झुंड कोरिया जिले की ओर कूच कर गया था, जिसके कुछ समय बाद वह लौट आया। कुछ दिन पहले यह झुंड तीन दलों में बंटकर अलग-अलग घूम रहा। इसमें दल से बिछड़कर अलग हुए तीन लोनर दंतैल भी हैं, जिनमें से एक ने पसान में तो दूसरे ने लेमरू पहुंचकर वृद्धा पर हमला किया। इधर कोरबा वनमंडल के लेमरू के आस-पास भी सात हाथियों का एक अलग झुंड विचरण कर रहा, जो सरगुजा की ओर से प्रवेश कर आया है।

नदी पार कर आया, तड़पता छोड़ लौट गया लोनर

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम बड़गांव में हाथियों की कोई लोकेशन नहीं थी। अचानक यह लोनर हाथी नदी पार कर आया और बुजुर्ग पर हमला कर दिया। बुजुर्ग का घर भी बस्ती से अलग और डुबान के पास था। इसलिए वही हाथी के प्रकोप का शिकार हुई। हाथी ने केवल उस पर हमला किया पर गांव की ओर नहीं आया। घटना के बाद बुरी तरह घायल बुजुर्ग को वहीं तड़पता छोड हाथी चिट्टी गड़ई बांगो डुबान की ओर चला गया। यह लोनर दंतैल अभी उसी क्षेत्र में विचरण कर रहा है। रात के वक्त वह गांव में आकर ग्रामीण और फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है और इस संभावना को देखते हुए वन अमला हाथी पर नजर रखने के साथ ग्रामीणों को सावधान करने जुटा है।

दोनों वनमंडल में 150 गांव प्रभावित

यह कोई पहली घटना नहीं है, जिसमें हाथी के हमले से किसी की जान गई हो। कटघोरा वन मंडल में लगातार हाथियों के प्रकोप का शिकार वहां के ग्रामीण हो रहे हैं। हाथियों की दहशत से जिले के दोनों वनमंडलों के करीब 150 गांव जूझ रहे हैं। वर्तमान में पसान, केंदई, ऐतमानगर, बांगो क्षेत्र में शासकीय भवनों में रतजगा कर ग्रामीण डर में जिंदगी जीने को मजबूर हैं। हाथियों के आतंक से पहुंच विहीन गांव में रहने वाले लोगों को कभी अपने खेतों, कभी मकानों तो अपने बच्चों की चिंता हर क्षण सताती रहती है। इधर वन विभाग स्थायी हल ढूंढने की बजाय समस्या के सामने मजबूर खड़ा दिखाई दे रहा।